# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, बुधवार 26 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 53




सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ के... ● लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र ● ब्रायडन कार्स की जगह रेहान अहमद इंग्लैंड...

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत

# पुलिस पर हमला मामले में कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने लोक सेवकों के काम में बाधा डालने से जुड़े एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने इस शर्त पर उनकी जमानत मंजूर की कि वह 25,000 रुपये के बांड और इतनी ही राशि की जमानत राशि जमा करेंगे। दिल्ली पुलिस ने 10 फरवरी को जामिया नगर इलाके में हुई एक घटना



को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया था। उन पर हाल ही में राष्ट्रीय राजधानी के जामिया नगर में दिल्ली पुलिस टीम पर हुए हमले को लेकर मामला दर्ज किया गया था। खान, जो आधिकारिक कर्तव्यों में बाधा डालने के आरोपों पर कानूनी परेशानी का सामना कर रहे थे, को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा मिली, जिससे उन्हें तत्काल हिरासत से राहत मिली। हालांकि, राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया और कानूनी कार्यवाही के तहत उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। दिल्ली पुलिस ने खान से पूछताछ करने और यह पता लगाने के लिए उनकी हिरासत मांगी थी कि क्या वह भी कथित हमले के समय घटनास्थल पर मौजूद थे।

# सपा सरकार में केवल उनकी पार्टी से जुड़े लोगों को सहायता मिली: योगी

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में समाजवादी पार्टी (सपा) की पूर्ववर्ती सरकार और अपने नेतृत्व वाली सरकार की तुलना करते हुए आरोप लगाया कि सपा सरकार में केवल समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को पैसे (सरकारी सहायता) मिलते थे, लेकिन वर्तमान सरकार संवेदनशील तरीके से उत्तर प्रदेश के हर व्यक्ति के लिए काम कर रही है। विधानमंडल के बजट सत्र के छठे दिन विधान परिषद में



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा आज किसी भी गरीब के लिए अपना उपचार कराना कठिन नहीं रहा। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अकेले उप्र में 10 करोड़ लोगों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलेस स्वास्थ्य स्कीम के तहत नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद सदस्य को प्रतिवर्ष अपनी निधि से पीड़ित व्यक्ति को एक निश्चित धनराशि देने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पिछले पौने आठ वर्ष के अंदर जो धनराशि दी गयी है, वह बिना भेदभाव के दी गई है। उन्होंने कहा "अगर जिलाधिकारी तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट देता है तो उसी आधार पर धनराशि तत्काल प्रेषित कर दी जाती है। योगी ने आरोप लगाया समाजवादी पार्टी की सरकार के समय बराबर यह चर्चा होती थी कि केवल समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को पैसा मिलता था शेष को नहीं। सदन में विपक्षी सदस्यों की ओर लक्ष्य करके उन्होंने कहा आपके समय क्या होता था? हर कार्य को समाजवादी नाम दे दिया जाता था।

## हाथियों के झुंड के हमले में तीन श्रद्धालुओं मौत

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले के वाई कोटा गांव में मंगलवार तड़के हाथियों के झुंड के हमले में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना तड़के तब हुयी, जब वाई-कोडा गांव के कन्नेगुंटा कॉलोनी के करीब 30 श्रद्धालु महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने के लिये प्रसिद्ध सिद्धेश्वर स्वामी मंदिर जा रहे थे और सभी श्रद्धालु जंगल के इलाके से गुजर रहे थे। उसी दौरान, हाथियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो लोग घायल हो गये। दोनों घायलों को रेलवे कोडुर के जीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बतायी गयी है और श्रद्धालुओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिये रेलवे कोडुरु के जीजीएच ले जाये गये। सूत्रों के अनुसार, मृतकों में वंकायाला दिनेश, तुपकुला मानेम्मा और चांगल रायुडू हैं। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने तीन श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताया है। उन्होंने अन्नामय्या जिले के अधिकारियों से बात की और उन्हें घायलों को बेहतर उपचार मुहैया कराने का निर्देश दिया। श्री नायडू ने शोक संतप्त परिवारों को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया। उपमुख्यमंत्री और वन मंत्री के पवन कल्याण ने शोक संतप्त परिवारों को 10-10 लाख रुपये और घायलों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

# 1984 सिख विरोधी दंगा मामला: पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा

■ उम्र और बीमारियों के कारण नहीं दी गई फांसी सजा, सिखों को जिंदा जलाने का था आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बाप-बेटे को जिंदा जलाने के मामले में दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में साल 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान कोर्टरूम खचाखच भरा हुआ था। कोर्ट ने कांग्रेस नेता सज्जन कुमार की सजा पर फैसला देते हुए बताया कि आखिर किस वजह से फांसी की सजा नहीं दी जा रही है। इस मामले में पीड़ित पक्ष और सरकार की तरफ से दोषी सज्जन कुमार के लिए फांसी की मांग की थी।

जज ने कोर्टरूम में आते ही दोषी सज्जन कुमार को सिख दंगा मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई। जज ने कोर्ट में बताया कि उसकी उम्र 80 साल से ज्यादा है। जेल से आई रिपोर्ट के अनुसार, उसको बहुत सी बीमारियां हैं। जज ने बताया कि उसको बाथरूम जाने के लिए साथी कैदियों की जरूरत पड़ती है। यही



वजह है कि सज्जन कुमार को सिख दंगा मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। यह मामला 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में दो सिख नागरिक जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह को जिंदा जलाने का है। इस दौरान सिखों का नरसंहार हुआ था और उनके घरों को आग के हवाले कर दिया गया था। अदालत ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी करार दिया था। इस मामले को लेकर शुरुआत में पंजाबी बाग थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। बाद में जस्टिस जी ।पी। माथुर कमेटी की सिफारिश पर गठित विशेष जांच दल ने आरोप पत्र दाखिल किया। समिति ने 114 मामलों को फिर से खोलने की सिफारिश की थी, जिनमें यह मामला भी शामिल था। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1 नवंबर 2023 को सज्जन कुमार का बयान दर्ज किया था। उन्होंने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया था। इन दंगों में सिख समुदाय के हजारों लोगों को निशाना बनाया गया था।

### किन-किन धाराओं पर हुआ था आरोप तय

अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को सज्जन कुमार के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147, 148 और 149 के तहत दंडनीय अपराधों के साथ-साथ धारा 302, 308, 323, 395, 397, 427, 436 और 440 के साथ धारा 149 के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किए।

### एसआईटी ने क्या आरोप लगाया?

एसआईटी ने आरोप लगाया कि सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुणदीप सिंह को जिंदा जला दिया और उनके घर के सामान लूट लिए। इस दौरान उनका घर भी जला दिया गया था। इस हमले में घर के कई लोग घायल भी हुए थे।

### पीड़ित परिवार ने की थी फांसी की मांग?

पीड़ित परिवार की मदद करने वाले समाजसेवी सोनू जंडियाला ने आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग की थी। उन्होंने बताया था कि टायरों में आग लगाकर जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह के गले में टांग दिया गया था। उन्होंने कहा था कि आज बहुत से लोग इस दुनिया में नहीं रहे। उनकी आत्मा को शांति मिले, इसलिए जरूरी है कि इन लोगों को फांसी की सजा सुनाई जाए। इन पापियों के पाप का घड़ा भर चुका है। पहले तो आस ही मर चुकी थी, लेकिन अब आस जगी है।

## उप्र शिक्षक भर्ती में हुआ बड़ा घोटाला, मामले की उच्च स्तरीय जांच जरूरी: कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षकों की भर्ती में आरक्षित वर्ग के बच्चों के साथ अन्याय हुआ है और उनके लिए निर्धारित कोटे में अनारक्षित वर्ग के युवकों की भर्ती की गई है, जो संविधान का उल्लंघन है इसलिए इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उप्र सरकार द्वारा की जा रही इस शिक्षक भर्ती को बड़ा घोटाला बताया और कहा कि राज्य सरकार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा कर रही है और उन्हें मानकों के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में आरक्षण नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, उप्र में 69,000 शिक्षकों की भर्ती का एक नया घोटाला सामने आया है। एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि इस भर्ती में 18,500 आरक्षित सीटों में एससी, एसटी तथा ओबीसी वर्ग के लोगों को नौकरी मिलनी थी, लेकिन इसमें से केवल 2,637 सीटों पर ही आरक्षण लागू किया गया। इन आरक्षित सीटों में बाकी 15,863 सीटों पर अनारक्षित वर्ग के लोगों को नौकरी दी गई। यह फैसला संविधान में दिए गए आरक्षण पर हमला है और सामाजिक न्याय के



खिलाफ है। उप्र में 69,000 शिक्षक भर्ती में लिया गया यह फैसला संविधान और आरक्षण के खिलाफ है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार दलित, अनुसूचित समाज, ओबी ओबीसी समाज के लोगों को नौकरी से वंचित रखने का काम कर रही है। इस फैसले के खिलाफ जिन छात्रों और शिक्षकों ने आवाज उठाई, उन्हें भी सरकार ने दबाने और कुचलने का काम किया। बाबा साहेब अंबेडकर ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात कही थी लेकिन सरकार लोगों को इससे वंचित रख रही है। इसी न्याय की लड़ाई हमारे नेता लड़ते आए हैं और लड़ रहे हैं। हमारे नेता लगातार सामाजिक न्याय, हिस्सेदारी, जातिगत जनगणना की बात करते रहे हैं। कांग्रेस पार्टी हमेशा वंचित वर्ग के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी। कांग्रेस पार्टी इस भर्ती घोटाले में उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग करती है।

# केजरीवाल-सिसोदिया के लिए बढ़ेंगी मुश्किलें!

● पीएसी के पास जाएगी सीएजी की रिपोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान लागू की गई नई शराब नीति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को काफी समय तक लंबित रहने के बाद मंगलवार को विधानसभा में पेश किया गया। रिपोर्ट में कई तरह की गड़बडियों और इससे सरकारी खजाने को 2000.68 करोड़ रुपए के नुकसान की बात कही गई है।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए प सरब्लिक अकाउंट्स कमिटी (पीएसी) के पास भेजने की बात कही है। माना जा रहा है कि इसके बाद अरविंद केजरीवाल और



मनीष सिसोदिया के लिए नई मुश्किलों का आगाज हो सकता है, जो पहले भी इस मामले में जेल जा चुके हैं। दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एएनआई से बातचीत में कहा कि इस रिपोर्ट पर अभी विधानसभा में और भी चर्चा होनी है। इसके बाद इसे आगे की कार्रवाई के लिए पीएएसी के पास भेजा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, गुप्ता जल्द ही इस पर 12 सदस्यीय पीएसी का गठन कर सकते हैं, जिसमें भाजपा और आप के सदस्यों को शामिल किया जाएगा। पीएसी की जांच के बाद रिपोर्ट स्पीकर को सौंपी जाएगी और इसके बाद वह इस पर आगे ऐक्शन का आदेश दे सकते हैं। जानकारों का कहना है कि सीएजी रिपोर्ट पीएसी के पास जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आबकारी मंत्री रहे मनीष सिसोदिया के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। उन्हें एक बार फिर इस मामले में सवाल-जवाब का सामना करना पड़ सकता है। पीएसी की ओर से उन्हें तलब किया जा सकता है। पीएसी के पास इस मामले से जुड़े लोगों को तलब करने का अधिकार है।

## उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट: नायडू

**भोपाल।** केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेव्हलपमेंट किया जाएगा। शहरों में सुव्यवस्थित ट्राफिक के लिये अंडरब्रिज बनाने पर विचार किया जाएगा। नगरों के विकास के लिये बनाई गई पॉलिसी में आपके सुझावों पर जरूरी परिवर्तन किये जाएंगे। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के अर्बन डेव्हलपमेंट सेशन में कही। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नियम-कानूनों की शहरी विकास के कानूनों से समानता होनी चाहिए। श्रम कानूनों में सुधार होगा, जिससे उद्योगपति और श्रमिक के बीच टकराव की स्थिति नहीं बनेगी।






हाई अलर्ट | ईरान पर मंडराया युद्ध का साया

# परमाणु ठिकानों पर हमला कर सकते हैं इजरायल-अमेरिका

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान ने अपने परमाणु स्थलों पर अमेरिका और इजरायल के संभावित हमले की आशंका के बीच 'हाई अलर्ट' जारी किया है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी अधिकारियों को संदेह है कि दोनों देश मिलकर उसके परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना सकते हैं।

यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब क्षेत्र में तनाव चरम पर है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय ईरान के परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर नजर रखे हुए है। ईरानी सरकार ने अपनी सैन्य



तैयारियों को मजबूत करने के संकेत दिए हैं, हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति मध्य पूर्व में नई अस्थिरता पैदा कर सकती है। ब्रिटेन के अखबार द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने इन महत्वपूर्ण स्थलों पर अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणाली तैनात की है और सुरक्षा को मजबूत किया है। इससे पहले अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने बाइडेन और फिर ट्रंप प्रशासन को इस साल ईरानी परमाणु ठिकानों पर इजरायल के संभावित हमले की चेतावनी दी थी। ईरान लंबे समय से अपने परमाणु स्थलों को सुरक्षित कर रहा था, लेकिन पिछले एक साल में इसने सुरक्षा उपायों को और तेज कर दिया, खासतौर पर तब से जब इजरायल ने ईरान पर पहली बार हमला किया था। अमेरिकी मीडिया आउटलेट के अनुसार, इजरायल ने पारचिन सैन्य परिसर पर हवाई हमले किए थे, जहां ईरान कथित रूप से परमाणु हथियारों से जुड़ा रिसर्च कर रहा था। इस हमले में सुविधा को नष्ट कर दिया गया था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है, ईरान हर रात संभावित हमले का इंतजार कर रहा है और सतर्क है, यहां तक कि उन ठिकानों पर भी जो सार्वजनिक रूप से ज्ञात नहीं हैं। डोनाल्ड ट्रंप के जनवरी 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दोबारा शपथ लेने के बाद, उन्होंने ईरान के खिलाफ अधिकतम दबाव नीति को



# जौनपुर के दर्जनों विकास कार्य योजना के साथ मुख्यमंत्री से मिले कृपाशंकर सिंह

## माँ शीतला देवी मंदिर चौकियाँ धाम को कारिडोर बनाकर किया जाय जीर्णोधार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एंव महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह जी ने लखनऊ में शिष्टाचार भेंट करके जनपद जौनपुर के विभिन्न क्षेत्रों के महत्वपूर्ण विकास संबंधी कई विषयों पर ज्ञापन देकर विस्तार पूर्वक चर्चा किए।मुख्यमंत्री जी को दिए गए कार्यों की सूची निम्नवत है। जिसमे सबसे पहले माँ शीतला देवी मंदिर (चौकियाँ धाम) का कारिडोर बनाकर जीर्णोधार करने के संदर्भ में पत्र। राजस्व ग्राम भोसिला ग्राम पंचायत मितावा पोस्ट मितावा तहसील बदलापुर जनपद जौनपुर में स्थित 68 एकड़ जल खाते के लिए आरक्षित भूखंड पर पर्यटन स्थल बनाने की दृष्टि से भव्य झील एंव भव्य उद्यान बनाने के संदर्भ में पुनः पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत फत्तूपुर में स्थित परमहंस योगाश्रम सहज धाम के परिसर में बन रहे भव्य भगवान श्री कृष्ण जी के मंदिर (श्री नारायण दिव्य धाम मंदिर) के जीर्णोधार सुंदरीकरण नवीनीकरण और बाउंड्रीकरण के साथ साधु संतों भक्तों के ठहरने भवन निर्माण हेतु एंव परिसर में छात्रों को धर्म के बारे में जानकारी ओर संस्कृति शिक्षा और पठन पाठन हेतु पुस्तकालय बनाने के संदर्भ में पुनः पत्र दिया। विकास खंड बक्शा अंतर्गत देवस्थान (मंदिर) खमपुर - सहोदरपुर परिसर में स्थित तालाब के सुंदरीकरण और मंदिर परिसर के सुंदरीकरण के संदर्भ में पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत ग्रामसभा कल्याणपुर में सई नदी के तट पर बाबा बोझनाथ घाट पर स्थित श्री बाबा बोझनाथ मंदिर परिसर के जीर्णोधार नवीनीकरण और सुंदरीकरण बाउंड्रीकरण करने और परिसर में साधु संतों और भक्तों के रुकने के लिए भवन निर्माण और छात्रों को धर्म एंव संस्कृति की जानकारी और शिक्षा से संबंधित पठन पाठन के लिए पुस्तकालय बनाने और मंदिर के समीप सई नदी पर घाट बनाकर सुंदरीकरण करने के संदर्भ में पत्र दिया। विकास खंड महराजगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरा गंभीर शाह में स्थित नई दिल्ली बाजार के समीप गाटा संख्या 735 में दो एकड़ क्षेत्रफल में फैले तालाब पर पर्यटन की दृष्टि से आस पास के कई गांवों के रहवासियों को घूमने टहलने और व्यायाम करने हेतु सुंदरीकरण करने के संदर्भ में पत्र दिया ।जनपद जौनपुर में स्थित उसरा बाजार, कलियरा से तेजी बाजार,बरईपार होते हुए मछली शहर मार्ग तक दो राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्गो को आपस में जोड़ने वाली सड़क को मिनी फोरलेन अथवा 7 मीटर चौड़ीकर उच्चीकरण नवीनीकरण के संदर्भ में पुनः पत्र दिया। जनपद जौनपुर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 31 सिकरारा से शेरवा बरईपार होते हुए सुजानगंज राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज गोरखपुर संपर्क मार्गो को जोड़ते हुए बेलवार होकर प्रतापगढ़ जोड़ने वाले मार्ग को मिनी फोरलेन अथवा 7 मीटर चौड़ीकरण उच्चीकरण नवीनीकरण के संदर्भ में पत्र दिया। बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज गोरखपुर से जुड़ने वाले भटपुरा शाहपुर नेवादा कल्याणपुर बोझनाथ घाट से मुगरा बादशाहपुर के अंतर्गत बोझनाथ घाट से सोनहिता भाऊपुर मोड़ तक के संपर्क मार्ग को लगभग 5.30 मीटर तक चौड़ीकरण करने एंव उच्चीकरण नवीनीकरण की स्वीकृति के संदर्भ में पत्र दिया। बदलापुर विधानसभा के अंतर्गत बदलापुर नहर की पटरी से होते हुए बिठुआ कला (कठार) और ढेमा होकर सीड होते हुए बिझवट नहर की पटरी प्रतापगढ़ के बॉर्डर तक के संपर्क मार्ग को 5.30 मीटर चौड़ीकरण करने एंव उच्चीकरण नवीनीकरण करने के संदर्भ में पत्र दिया। विकास खंड बक्शा के अंतर्गत तेजीबाजार से मरघुपुर वाया सहोदरपुर संपर्क मार्ग की दूरी लगभग 3 किलो मीटर के सड़क मार्ग को नवनिर्मिति के लिए पत्र दिया। विकास खंड करंजकला अंतर्गत रामपुर - जौनपुर संपर्क मार्ग से खुटहन जौनपुर मार्ग जेठपुरा गेट नगीना की पान की दुकान तक की दूरी लगभग 7 किलो मीटर तक के सड़क मार्ग को नवनिर्मिति के लिए पत्र दिया।

## तहसील चुनार में रजिस्ट्री दफ्तर को बंद करते हुए अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे



शकुन टाइम्स संवाददाता

**मिर्जापुर/चुनार।** तहसील चुनार के सभी अधिवक्ताओ ने कालाकोट के खिलाफ काला कानून के विरोध में केंद्र सरकार द्वारा जो लागू किया जाना है, उसके खिलाफ रजिस्ट्री दफ्तर को बंद कर पूरे न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने कहा कि कालाकोट काला कानून वापस लो का नारा लगा रहे थे। अधिवक्ताओं ने कहा कि संविधान/कानून हमारे लिए सर्वोपरि है, हम सभी लोग न्याय के लिए लड़ते हैं। पीड़ित, शोषित, दबे, कुचले सभी लोगों के लिए न्याय चाहते हैं एवं उनके हित में कानून चाहते हैं उनके लिए चाहे कोई महीना हो हम लोग लड़ते रहते हैं। जो देश के हित में ना हो उसका हम लोग विरोध करते हैं। इस अवसर परअध्यक्ष अनमोल सिंह, महामंत्री अजय पांडे, कुंवर बहादुर सिंह, एडवोकेट गोविंद नारायण सिंह, शीतला प्रसाद यादव, जंग बहादुर सिंह शिव शंकर सिंह लल्लन मौर्य इत्यादि अधिवक्ता आज काम से बाहर रहे।

## प्रस्तावित अधिवक्ता विधेयक 2025 का अधिवक्ताओं ने किया विरोध

### राष्ट्रपति, कानून एवं न्याय मंत्री को भेजा ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हमीरपुर।** प्रस्तावित अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक-2025 का विरोध करते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग को लेकर मंगलवार को अधिवक्ता संघ ने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति व कानून एवं न्याय मंत्री से संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम खालिद अंजुम को सौंपा। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित एवं महामंत्री शैलेन्द्र सचान के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक-2025 संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार, स्वतंत्रता के अधिकार को समाप्त कर रहा है। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि प्रस्तावित धारा-33ए अधिवक्ताओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर वकालत करने से रोकने का प्रयास है। प्रस्तावित धारा-35 के द्वारा अधिवक्ताओं की आवाज को दबाने का प्रयास है। देश की लोकसभा और विधानसभा में भी सदस्य अपनी-अपनी आवाज पुरजोर तरीके से उठाते है ऐसे में किसी न्यायालय द्वारा या अन्य किसी प्रकार से अधिकारों का उल्लंघन होने पर बहिष्कार या हड़ताल आवश्यक अंग है। इस पर रोक लगाना उचित नहीं है। अधिवक्ता संघों और अधिवक्ताओं की आवाज को समाप्त करके निरंकुश तंत्र को बढ़ावा देना अधिवक्ताओं के लिए स्वीकार नहीं है। प्रस्तावित धारा-36 में बगैर जांच अधिवक्ता के विरुद्ध कार्यवाही करने की व्यवस्था से वकीलों के खिलाफ पद के दुरुपयोग की कार्यवाही होगी। बगैर जांच लाइसेंस निलंबित करना अन्यायपूर्ण तथा विधि विरुद्ध है। कहा कि अधिवक्ता लम्बे अरसे से अधिवक्ता संरक्षण क़ानून की मांग

## पन्नालाल सभागार कलेक्ट्रेट उन्नाव में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला स्टाप सेन्टर की जिला संचालन समिति के नामित सदस्यों के साथ त्रैमासिक बैठक आहूत की गयी।

शकुन टाइम्स संवाददाता



**उन्नाव।** मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश मीना की अध्यक्षता में पन्नालाल सभागार कलेक्ट्रेट उन्नाव में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति उन्नाव, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत जिला टास्क फोर्स तथा जनपद में बाल विवाह की रोकथाम हेतु गठित जिला टास्क फोर्स एवं वन स्टाप सेन्टर की जिला संचालन समिति के नामित सदस्यों के साथ त्रैमासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाईल्ड लाइन, वन स्टाप सेन्टर, विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, चाईल्ड हेल्पलाइन योजनान्तर्गत वृहद रूप से अभियान चलाकर आम जनमानस को जागरूक किये जाने, नियमित रूप से बाल भिक्षावृत्ति एवं बालश्रम रोके जाने हेतु सम्बन्धित विभागों के मध्य आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाये जाने हेतु समस्त थानों को निर्देश दिये गये।

इस मौके पर डीपीओ श्री क्षमानाथ राय, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, श्रीमती प्रीती सिंह अध्यक्ष एवं सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, प्रभारी डी0सी0आर0बी0, प्रभारी एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई के अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजनाधिकारी, श्री संजय कुमार मिश्र बाल संरक्षण अधिकारी, श्री अवधेश कुमार विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के समस्त कर्मचारी, सुश्री नीतू प्रभारी सेन्टर मैनेजर एवं जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा वाले पीडीए का उड़ाते हैं मजाक- चंद्रपाल सिंह यादव

शकुन टाइम्स संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की पीडीए की बैठक मसेनी चौराहे स्थित समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती सिंह ने भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के राज में हर आदमी परेशान है, हर वर्ग परेशान है जिसे ना तो रोजगार मिलना है ना ही सरकारी अस्पतालों में उसे सही इलाज मिल पा रहा है ।यह भी कहा कि भाजपा वाले नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव के ऊपर भी टिप्पणी करते हैं, सोचिए यह क्या पीडीए को सम्मान देंगे। दमयंती सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पीडीए के पूरे समाज को गुमराह कर रही है और आने वाले भविष्य में उसका इरादा पीडीए समाज के हाथ में कटोरा देने का है। उन्होंने कहा आज फर्रुखाबाद जनपद में चौड़ीकरण के नाम पर जगह पर सड़के खुदी पड़ी हैं।

नालियों में साफ सफाई के नाम पर सेवा कर्मियों से धन उगाई करना ही रह गया है। जो विकास की गति समाजवादी पार्टी सरकार में फर्रुखाबाद को मिली थी वह गति भारतीय जनता पार्टी में पिछले 8 सालों में पूरी तरह समाप्त हो चुकी है और फर्रुखाबाद एक पिछलग्गू जिला बनकर रह गया है। कार्यक्रम में नगर उपाध्यक्ष संध्या शंखवार,आकांक्षा यादव महासचिव, बबली राज राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष ,वसुधा देवी, लक्ष्मी बाथम कायमगंज अध्यक्ष, कमालगंज अध्यक्ष लक्ष्मी बाथम ,रानी देवी अंजू देवी गीता राजपूत,उपासना बाथम प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

महिला सभा की जिला अध्यक्ष सुलक्षणा सिंह ने आए हुए पीडीए चर्चा कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया।

## पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

### जिला अस्पताल ट्रामा सेंटर बांदा में तैनात डाक्टर विनीत सचान पर लगाये गंभीर आरोप

शकुन टाइम्स संवाददाता




**बांदा।** आपको बता दें कि पूरा मामला पुलिस अधीक्षक कार्यालय बांदा से सामने आया है जहां पर आज पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायतपत्र देकर देकर न्याय की मांग की है। बताते चलें की पीड़ित मोहम्मद हनीफ निवासी केन रोड क्योंटरा बांदा का रहने वाले डायबिटीज का मरीज,बीपी और ब्रिटिंग ? प्रॉब्लम के मरीज हैं। 22 /02/2025 को जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में दिखाने आया था, तो डाक्टर विनीत से कहा कि आक्सीजन लो ? है, बीपी शुगर गड़बड़ है। आईसीयू में लेटने ? के बाद भी उठाकर जबरदस्ती डेंगू वार्ड पहुंचा दिया जहां आक्सीजन मिली नहीं भाप 24 /02/2025 को मैडम ने डिस्चार्ज बना दिया और कहा कि चाचा आप घर जायें। किसी से मैं अपने घर पहुंचा आज लगभग 1 बजे जब मैं ट्रामा सेंटर इमरजेंसी वार्ड पहुंचा तब आरोप लगाते हुए पीड़ित ने बताया कि उसके चार लड़के आये और कहने लगे वापस जाओ मैंने कहा मुझे आक्सीजन दे दो इसके बाद विनीत सचान खुद उठकर आकर मेरे कपड़े खींचने लगा और मेरे साथ बुरा बर्ताव किया। इसके बाद मै ? रिक्शे से न उतरकर सीधा पुलिस अधीक्षक साहब के यहां आया और शिकायत पत्र दी कि पीड़ित की जान माल की सुरक्षा करे।

## घरेलू विद्युत कनेक्शन को पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप योजना का लाभ प्राप्त किये जाने हेतु सुनहरा अवसर

### हर घर सोलर सिस्टम लगाओं, अपना बिजली बिल घटाओं, सरकारी अनुदान पाओं

शकुन टाइम्स संवाददाता




**उन्नाव।** पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर रूफटॉप योजना के संबंध में विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय समिति एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक श्री सुशील कुमार गौड, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड-प्रथम (नोडल), अग्रणी जिला प्रबन्धक के प्रतिनिधि एल.डी.एम.ओ, व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त जनपद के समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी तथा समस्त नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी आदि गूगलमीट के माध्यम से ऑनलाइन बैठक में प्रतिभाग किया गया।

बैठक में प्रभारी परियोजना, यूपीनेडा द्वारा जनपद में पी0एम0सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए संयंत्रों की स्थापना में शासन द्वारा प्रदान की जा रही अनुदान आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों एवं इम्पैनल्ड फर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा भी कार्यक्रम के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को आवंटित लक्ष्य को समय से पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। चर्चा के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) द्वारा पी0एम0सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के जन मानस के मध्य अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत शहर में विभिन्न व्यस्ततम स्थलों यथा-बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, तहसील दिवस, विकास खण्डों की मीटिंग में, विद्युत बिल जमा केन्द्र, बैंकों के पास में कैम्प लगाकर

जनमानस के मध्य प्रचार-प्रसार किये जाने की अपेक्षा की गयी, जिससे शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का अधिक से अधिक लाभ जनमानस को प्राप्त हो सके।

## डॉ नवेद ने कैंप लगाकर कॉंवड़तियो की खिदमत की



शकुन टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** रायपुर स्थित गढ़मलपुर में कांवड़ती कैम्प का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ डॉ नवेद,राजकुमार सैनी, ने किया। विनीत सैनी ने कहा बताया कि हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों की सेवा में मेडिकल कैम्प व सभी जरूरतमंद सामान की व्यवस्था की गई है जिसमे दवाई व जलपान आदि।

व्यवस्था की की गई कैम्प 25 फरवरी शाम तक रहेगा। इस मौके पर डॉ नवेद आलम, विनीत सैनी, राजकुमार सैनी, अंकित सैनी, मेनपाल पाल,अमित चौहान, टीपालु,नुकुल सैनी,रामगोपाल गुप्ता, मुकेश सैनी, आदि मौजूद रहे।

## डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मंसूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री व एसओजी प्रभारी जोगिंदर सिंह बेहतर कारनामें को दे रहें अंजाम

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थानाप्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री व एसओजी प्रभारी जोगेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक किशन सिंह, उपनिरीक्षक शिखर चौधरी, उपनिरीक्षक संजय सोलंकी,है0का कमल सिंह,है0का0 सोहेल खान, है0का0 कपिल तेवतिया, है0का0 पिंटू,का0 अमित कुमार,का0 धनवीर नागर की संयुक्त टीम का सराहनीय कार्य डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन में मंसूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री व एसओजी प्रभारी जोगिंदर सिंह व उनकी टीम ने कई बेहतर अच्छे कारनामों को हमेशा अंजाम दिया है जिस कारण उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह के द्वारा अपने अधिनस्थों को गुडवर्क पर शाबाशी देना और उनका उत्साहवर्धन करना वास्तव में हर प्रकार से प्रशंसनीय है ।तो वही एक बार फिर डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह के नेतृत्व में मंसूरपुर थानाप्रभारी सुभाष अत्री कि मुजफ्फरनगर की एसओजी पुलिस टीम ने वह कर दिखाया जिसकी उनसे आशा की जाती रही हैं ।आज भी डीआईजी/एसएसपी अभिषेक सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन में मंसूरपुर थानाप्रभारी निरीक्षक सुभाष अत्री व एसओजी जोगेंद्र सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक किशन सिंह,उपनिरीक्षक शिखर चौधरी,उपनिरीक्षक संजय सोलंकी,है0का कमल सिंह,है0का0 सोहेल खान,है0का0कपिल तेवतिया, है0का0पिंटू,का0 अमित कुमार,का0 धनवीर नागर की संयुक्त टीम द्वारा चोरी के वाहनों के इंजन व चेसिस नंबर तथा फर्जी प्रपत्र तैयार कर बेचने वाले गिरोह के 02 शातिर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं तथा गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से 03 कार, 02 मोटरसाईकिल व अवैध शस्त्र भी बरामद किये है ।अवगत कराना है जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी खतौली राम आशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक थाना मन्सूरपुर सुभाष अत्री तथा एसओजी प्रभारी जोगेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मन्सूरपुर व एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों के इंजन व चेसिस नंबर तथा फर्जी प्रपत्र तैयार कर बेचने वाले गिरोह के 02 शातिर अभियुक्तगण को लच्छेड़ा अन्डर पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से 03 कार, 02 मोटरसाईकिल व अवैध शस्त्र बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना मन्सूरपुर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम लच्छेड़ा अन्डर पास पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग कर रही थी इसी दौरान एक संदिग्ध कार बिना नंबर प्लेट की आयी जिसे चैकिंग हेतु रोका गया तथा गाड़ी में बैठे दोनों व्यक्तियों का बाहर निकालकर चैक किया गया तो उनके कब्जे से अवैध शस्त्र बरामद हुए तथा गाडी को कोई प्रपत्र प्रस्तुत नही कर पाये। पुलिस टीम द्वारा गाडी की जांच की गयी तो उसके इंजन व चेसिस नंबर घिसे हुए पाये गये जिसके सम्बन्ध में जब उनसे पूछताछ की गयी तो अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि हमारा एक सगठित गिरोह है जिसमें आसिफ द्वारा गाडी चोरी करने का कार्य किया जता है।

## अटल संकलन स्मृति संगोष्ठी को लेकर जिला कार्यालय में जिला पदाधिकारियों की बैठक को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया

शकुन टाइम्स संवाददाता




**15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक विशेष अभियान को लेकर पार्टी कार्यालय में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई।**

**राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे अटल शताब्दी वर्ष को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला प्रतिनिधियों की बैठक को जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने संबोधित किया।**

**कौशांबी।** संबोधन में बताया कि हम सभी के लिए हर्ष का विषय है कि यह वर्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है श्रद्धेय अटल जी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाई जाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे एवं श्रद्धेय अटल जी की सोच साकार रही है इसी कार्यक्रम के अंतर्गत अटल जी पर लिखे गए लेखों, पुस्तकों को एकत्रित कर सूचीबद्ध किया जाएगा।

तदोपरांत इनमें से चुनी हुई जानकारी हम प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करेंगे। तथा अटल विरासत सम्मेलन के माध्यम से 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 तक जनपद में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसने जिले के प्रबुद्धजन, सूचीबद्ध, विशिष्ट जन एवं अटल जी के सभी प्रशंसक आमंत्रित किए जाएंगे व सम्मेलन के माध्यम से अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा साथ ही अटल जी के व्यक्तित्व व कृतम पर हमारे जिले में जो भी लेख व पुस्तकें लिखी गई है उनके लेखकों को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक व जिला महामंत्री दीप चंद्र दिवाकर,जिला उपाध्यक्ष आशीष केसरवानी,अरविंद द्विवेदी,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, जिला मंत्री दिनेश पाण्डेय,कविता पासी,भोले शंकर कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सिराथू लवकुश मौर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मंझनपुर हुबलाल दिवाकर,सत्यम केसरवानी, ज्ञानेन्द्र साहू, आदि जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्षगण, मण्डल महामंत्रीगण उपस्थित रहे।



# भाजपा पार्षद राजा यादव ने किया वाटर पाईप लाईन एवं सीसी रोड का शिलान्यास

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गोरखपुर।** भाजपा पार्षद राजा यादव ने किया वाटर पाईप लाईन एवं सीश सीश रोड का वार्ड नंबर 4 मदन मोहन मालवीय नगर के भाजपा पार्षद राजा यादव ने एक ही हफ्ते में दो सीसी रोड एवं वॉटर पाइपलाइन का शिलान्यास किया पार्षद राजा यादव ने अभी 5 दिन पूर्व खेल ओला निकट कृष्णा नगर कॉलोनी में आशुतोष गुप्ता के मकान से उज्जवल मिश्रा के मकान से आगे आशुतोष मिश्रा के मकान तक 10 लाख के पार्षद वरीयता से सीश सीश रोड एवं नाली का शिलान्यास किया था और आज पुन: 10 लाख के पार्षद वरीयता से सिंघडीया निकट पंचवटी नगर कॉलोनी, में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी, के अमृत जल योजना के लिए मुहल्ला में वाटर पाईप लाईन का शिलान्यास किया साथ ही साथ अशोकनगर कॉलोनी में 21 लाख की लागत से जो नगर निगम के 15वां वित से प्राप्त कर सीश सीश रोड एवं नाली का भी शिलान्यास किया। इस मौके पर कृष्णा नगर निवासी उज्जवल मिश्रा का कहना है कि हम लोग तो रोड के लिए उम्मीद ही छोड़ चुके थे क्योंकि कई बार होता था। कि यह रोड पास है जल्द ही बनेगा लेकिन आज तक नही बना लेकिन आज पार्षद राजा यादव ने अपने पार्षद वरीयता से यह रोड बनवा कर कॉलोनी वासियों के सपने को साकार किया इसके लिए पार्षद की जितनी भी गुणगान किया जाए वह काम है वैसे भी जब से भाजपा की सरकार बनी है और पार्षद राजा यादव हुए अपने वार्ड में चौमुखी विकास का कार्य हो रहा है। इस अवसर पर अमरजीत यादव, अमलेश शुक्ला, तुषार राव, अश्वनी सिंह, अध्यात्म पांडेय, राजेश सिंह, प्रभू पासवाव, आशीष पांडेय, रामहित यादव, शैलेन्द्र पासवान, शिव मूरत निषाद, राजेश गुप्ता, राहुल वाल्मीकि, धर्मेंद्र पासवान, विशाल सिंह एडवोकेट, अभिषेक यादव, रणवीर सिंह, दिलीप गुप्ता, चंद्रजीत पासवान, चंद्रशेखर यादव, अभिमन्यु, महेश मौर्या, तेज आनंद सिंह, छेदी शाही, शिवानंद पांडेय, विजय कुमार यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने न्यायिक बहिष्कार कर सौपा ज्ञापन



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर/चौरीचौरा।** बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के आहवान पर दिनांक 25.02.2025 को कलमबन्द न्यायिक बहिष्कार कर अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के वापसी की मांग किया गया उक्त विधेयक पर किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नही हैं बार एसोसिएशन की बैठक तहसील अध्यक्ष चौरी चौरा रामप्यारे यादव एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सम्मानित सदस्यों ने विचार रखा कि कार्यपालिका में हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि अधिवक्ताहीत की लड़ाई में मौन व्रत रखकर हमारे मौलिक अधिकार का हनन कर रहे है। अधिवक्ता समाज संगठीत होकर भारत सरकार के द्वारा अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को प्रत्येंक दशा में वापस लेने हेतु आन्दोलन करने हेतु बाध्य है साथ ही बार कौसिंल आफ उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा दिनांक 25.02.2025 के आन्दोलन आहवान का समर्थन कर न्यायिक बहिष्कार पर रहने का निर्णय लिया गया तथा एक ज्ञापन सौंपा गया।

## संक्षिप्त सामाचार

### तेंदुआ का शहर में दस्तक, लोगों ने हाका लगाकर भगाया, भयभीत

**बलरामपुर।** तेंदुए ने शहर में भी दस्तक दे दी है। शहर के अचलापुर में रविवार देर शाम तेंदुए के नजर आने से लोगों में दहशत है। राजा बलरामपुर की नील कोठी के पास स्थित सागौन के बाग में तेंदुआ छिपा है। रविवार की देर शाम तेंदुआ बाग से बाहर निकला तो लोगों ने शोर मचाकर खदेड़ दिया। वन विभाग को सूचना दी गई है।अचलापुर के अनूप, रोली, गिरधारी ने बताया कि रविवार शाम आसपास मौजूद लोगों को तेंदुआ दिखाई पड़ा। पहले तो लोग सहम गए, बाद में शोर मचाकर उसे खदेड़ा तो वह सागौन के बाग में घुस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके की जांच की। फिलहाल कोई पदचिह्न नहीं मिला है। वहीं, स्थानीय लोगों का दावा किया कि तेंदुआ ही है।बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 के मई माह में भी नीलकोठी के पास बाग में तेंदुआ था। जिसे लंबे समय बाद पकड़ा गया था।

### बैंक ऋण समय से न चुकाने पर बकायेदार पर हुई कार्यवाही

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में राजस्व वसूली के सम्बन्ध में विगत दिनों बैठक की गई थी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जनपद के बड़े बकायेदारों से राजस्व वसूली के सख्त निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत तहसीलदार इकौना प्रद्युमन कुमार द्वारा शाहिद अली पुत्र आशिक अली निवासी रामपुर कटेल (बेलही) कोडरी दीगर परगना व तहसील इकौना, जो कि एचडीएफसी बैंक की मु0 15,90,521 रूपये बैंक देय मद के बकायेदार है, उनके द्वारा सम्पूर्ण बकाया अदा नही किया गया है, जिस पर उन्हें तहसील हवालात इकौना में बन्द किया गया है और उन्हे जिला कारागार बहराइच भेजा जा रहा है।

### बस पलटने से डेढ़ दर्जन से ज्यादा घायल, भर्ती

**बहराइच।** जिले के कड़ाधाम क्षेत्र में सोमवार को एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार मध्यप्रदेश के 19 तीर्थयात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मध्यप्रदेश के सागर और दमोह जिलों के श्रद्धालु एक बस से अयोध्या से महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज आए थे और चित्रकूट जा रहे थे। सूत्रों के अनुसार कड़ा धाम क्षेत्र में लेहदरी गांव के पास सम्भवत- चालक को झपकी आ जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई।सूत्रों का कहना है कि इस घटना में 19 यात्री घायल हो गए।

### अनियंत्रित कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत, बेटा व बहनोई घायल

**गोंडा।** जिले में नवाबगंज –मनकापुर मार्ग पर टिकरी जंगल के ऊंटघाट पुल के पास एक तेज रफ्तार कार ने अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। कार की ठोकर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को नवाबगंज सीएचसी पर पहुंचाया जहां पर डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया जबकि दो को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।घायलों को अयोध्या मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बस्ती जिले के परशुरामपुर थाना क्षेत्र के अहिरावा गांव निवासी बजरंग लाल पांडेय (50) अपने बेटे अंकित (18) तथा बहनोई कमलेश पांडेय निवासी जमौलिया परशुरामपुर के साथ झारखंड स्थित बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक के लिये जा रहे थे। मनकापुर रेलवे स्टेशन से उन्हे ट्रेन पकड़ना था।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुकुल गिलौला के कक्षा 8 के छात्र की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** यूपी के श्रावस्ती जनपद अन्तर्गत गिलौला थाना से चंद कदम की दूरी पर स्थित श्री सुर भारती निगम विद्यापीठ गुरुकूल गिलौला के एक छात्र की आज संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर इकौना एसडीएम ओमप्रकाश और पुलिस क्षेत्राधिकारी इकौना सतीश कुमार शर्मा तथा थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार अगिनहोत्री भी पहुंचे और मौके का जायजा लिया।छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के गिलौला थाना क्षेत्र के गिलौला बाजार में संचालित श्री सुर भारती विद्यापीठ गुरूकूल गिलौला के कक्षा 8 के छात्र अशोक कुमार मिश्र बीती रात खाना खाने के बाद सोने चला गया था। कुछ देर बाद उसकी ताबियत खराब हो गई। सूचना पर स्कूल प्रबंधन ने उसे पास के सीएचसी गिलौला भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद ताबियत ज्यादा बिगड़ गई और बाद में मौत हो गई है। इस खबर से हड़कंप मच गया। पुलिस शव कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि मृतक छात्र मूलरूप से बलरामपुर जिले के महेश भारी गांव का रहना वाला है।वह अपने बड़े भाई के साथ रहकर गिलौला के श्री सुर भारती निगम विद्यापीठ गुरुकूल गिलौला में कक्षा 8 का पढाई कर रहा था। रविवार को शाम को छात्रावास में नियत स्थान पर खाना खाने के बाद सोने चला गया था । वहां कुछ देर बाद अचानक उसकी ताबियत खराब होने लगी। यह देख छात्रों के होश उड़ गए। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास की छात्र जुट गईं। इसके बाद उसे सीएचसी गिलौला भर्ती कराया गया और वार्डन आदि को सूचना दी गई। वार्डन, अन्य स्टाफ और सहपाठी छात्रों ने अशोक कुमार मिश्र को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य गिलौला पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने कुछ दवा दिया परन्तु उसे नहीं बचा सके।

# अलग-अलग सड़क हादसे में मासूम समेत तीन की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** चार अलग-अलग हुई मार्ग दुर्घटनाओं में मासूम बच्ची समेत तीनों लोगों की मौतें हुई हैं। पचपेड़वा कोतवाली क्षेत्र में मासूम बच्ची की पिकअप से टकराकर मौत हुई है। वहीं पुलिया के नीचे बाइक गिरने पर एक युवक की मौत हुई। बलरामपुर चीनी मिल के यार्ड में सोए युवक पर किसी ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया जिससे कुचलकर उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के क्रम में महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरो गोंडा जिला स्थित दतौली चीनी मिल निकट गन्ना भरे ट्राला से लड़ गई जिसमें सात श्रद्धालु घायल हुए हैं। चारों दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी दुर्घटनाएं रविवार रात हुई हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पहली दुर्घटना पचपेड़वा कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत विशुनपुर कोड़र में रविवार देर शाम हुई है। यहां के निवासी परशुराम की तीन वर्षीय




पुत्री लक्ष्मी सड़क पटरी पर खड़ी थी। तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पिकअप का पता लगाया जा रहा है। दूसरी दुर्घटना ललिया थाना क्षेत्र के कोड़री हरिहरगंज मार्ग स्थित कोड़री बाजार के निकट रविवार रात हुई है।टेढ़वा निवासी 27 वर्षीय जीवन लाल पुत्र प्रताप के चार साल की बेटी का रविवार को जन्मदिन था। जीवनलाल थाना महराजगंज तराई निवासी अपने साले 24 वर्षीय रोहित कुमार के साथ सामान खरीदने बलरामपुर आए थे। लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकराते हुए नीचे गिर गई। जीवन लाल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल रोहित को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। कोड़री के प्रधान प्रतिनिधि चौधरी अजीत सिंह ने घायल को अस्पताल भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक नगर कोतवाली ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जबकि ललिया के कोतवाल बृजानंद सिंह ने घटना की जानकारी होने से इंकार किया है।तीसरी दुर्घटना नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित चीनी मिल यार्ड में हुई है। भोजपालपुर थाना इटियाथोक जिला गोंडा निवासी 40 वर्षीय जाहिद अली पुत्र सहाबुद्दीन बलरामपुर चीनी मिल में गन्ना तौल कराने आए थे। गन्ना तौल होने में देरी थी, इसलिए वह यार्ड में ही जमीन पर सो गए। किसी ने ट्रैक्टर स्टार्ट कर दिया, जिससे उनकी पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई। कोतवाली नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ट्रैक्टर चालक का पता लगाया जा रहा है।महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन रविवार रात मनकापुर दतौली चीनी मिल के पास गन्ने के ट्राले से टकरा गया। बोलेरो में बैठे सात लोग घायल हो गए। सभी घायल तुलसीपुर थाना क्षेत्र स्थित भंगहा कला गांव के रहने वाले हैं। चांदे प्रसाद ने बताया कि उनका पुत्र राघव गांव के ही नंदकुमार, राजेश, अनिल, चिंताराम, पंकज व कल्लू दो दिन पहले प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने गए थे। रविवार सुबह वे महाकुंभ से घर के लिए बोलेरो गाड़ी से रवाना हुए। दतौली चीनी मिल के निकट उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर गन्ना भरे ट्राले से टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए मनकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। राघव की हालत गंभीर होने पर उसे गोंडा इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# एम्पल कान्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता




**पीपीगंज।** भरोहिया ब्लाक के एम्पल कान्वेंट स्कूल पीपीगंज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने मानव अंगों के, जलीय जीवन, भूस्थलीय जीवन, विद्युत प्रवाह, प्रकाश संश्लेषण, स्वच्छ पर्यावरण, मानव पाचन तंत्र आदि विषयों पर माडल प्रस्तुत किया। जिसमें कक्षा चार से प्रथम पुरस्कार आस्था चौरसिया, तेहजीब, सिया यादव को मिला। द्वितीय पुरस्कार दिपांश पाल और तृतीय पुरस्कार सत्यम, निर्भय यादव को मिला। कक्षा पांच से दिव्यांशी सिंह, रिया वर्मा, शीतल यादव और कक्षा छ- से साक्षी पाण्डेय, तान्या निषाद, आराध्या निषाद को प्रथम पुरस्कार मिला। द्वितीय पुरस्कार नन्दिता, जान्हवी, यश निषाद, यश मद्धेशिया को और तृतीय पुरस्कार अंश पाल, कार्तिकेय सिंह व नवीन यादव, अंश यादव, अजय यादव को मिला। कक्षा 7 के अनुरंजन यादव, आयुष पाल, नितिश मौर्या व कक्षा 8 के मान्शी वर्मा, अनुप्रिया जैन को प्रथम पुरस्कार मिला। और नितेश गौड़ व आदर्श चौरसिया को द्वितीय पुरस्कार मिला। अंश जायसवाल, हरी यादव, राज यादव व सोनम को तृतीय पुरस्कार मिला। उक्त कार्यक्रम का निरीक्षण विद्यालय की प्रधानाचार्या डा सुनीता सिंह और विज्ञान शिक्षिका अनुपमा द्वारा किया गया। इस विद्यालय के सभी शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वस्थ शरीर के लिए मोटा अनाज महत्वपूर्ण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** स्वस्थ्य के लिए मोटे अनाज का महत्व समझाने के लिए सरकार की ओर से श्रीअन्न योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को मोटे अनाज के महत्व बताए जा रहे हैं। एसएसबी कैम्प में सेमिनार का आयोजन कर लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए मोटे अनाज का महत्व समझाया गया। 25वीं वाहिनी मुख्यालय घिटोरनी नई दिल्ली में आयोजित मिलेट्स कार्यक्रम का सोमवार को लाइव प्रसारण 62वीं वाहिनी एसएसबी मुख्यालय भिनगा में किया गया। जिसकी अध्यक्षता कमांडेन्ट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने की। कार्यक्रम में एसएसबी अधिकारियों, जवानों व संदीक्षा परिवार ने लाइव प्रसारण देखा और जीवन में मोटे अनाज का महत्व समझा। कमांडेंट ने बताया कि लाइव प्रसारण में भारत के वैज्ञानिक व मिलेट मैन के नाम से प्रसिद्ध पदमश्री डा खादर वल्ली दुदेकुला ने मोटे अनाज के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। वर्चुवल माध्यम से उन्होंने समझाया कि मोटे अनाजों में प्रोटीन, फ़ाइबर, आयरन, कैल्शियम और विटामिन होता है जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है। यह कुपोषण, एनीमिया और अन्य कमियों से लड़ने में मदद करता है। इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ये मधुमेह और हृदय संबंधी बीमारियों के प्रबंधन में मदद करते हैं। मोटे अनाजों से पाचन तंत्र में सुधार होता है और गैस, कब्ज़, एसिडिटी जैसे पेट के रोग नहीं होते। मोटे अनाजों को उगाने में उत्पादन लागत कम आती है। इसके साथ ही यह कई तरह से लाभदायक है। स्वस्थ जीवनशैली के लिए मोटा अनाज बेहद महत्वपूर्ण है।

# मान्यवर कांशी राम संघर्ष समिति द्वारा जन जागरूकता अभियान एवं संत गाड़गे जी की जयंती समारोह आयोजित

शकुन टाइम्स संवाददाता




**चौरी चौरा, गोरखपुर।** मान्यवर कांशी राम संघर्ष समिति के तत्वावधान में जन जागरूकता अभियान एवं संत गाड़गे जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम अमहिया के शिकपुरा टोला में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत संत गाड़गे जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। वक्ताओं ने उनके जीवन, समाज सुधार कार्यों और स्वच्छता अभियान में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांशीराम संघर्ष समिति के संरक्षक रामभागवत, विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश गौतम तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कुमार पूर्व अध्यक्ष ने किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने जन-जागरूकता अभियान के तहत समाज में व्याप्त कुरीतियों, शिक्षा के महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथियों ने संत गाड़गे जी के आदर्शों को अपनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर जनहित के मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को स्वच्छता और सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए संत गाड़गे जी के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांशीराम संघर्ष समिति के संरक्षक रामभागवत, विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश गौतम,रामदरश संस्थापक, भरथ व्यास,अभिषेक पासवान,एडवोकेट चंद्रशेखर , सनोज कुमार,ब्लाक अध्यक्ष विकास कुमार,रामभरोस,अनिल कुमार,सोहन कुमार सहित सैकड़ों लोग बड़ी धूमधाम के साथ मनाया।

# रुद्र महायज्ञ में श्री राम विवाह का भव्य उत्सव आज



शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** पिपराइच क्षेत्र के ग्राम महुअवां खुर्द कुटी पर स्थित राम जानकी मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर में चल रहे यज्ञ कार्यक्रम में आज भगवान श्री राम और सीता माता विवाह का भव्य उत्सव का आयोजन किया गया है ।विवाह की तैयारी को लेकर कल मंदिर परिसर में यज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन एवं पत्रकार के साथ एक बैठक किया। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि इस अदभुत विवाह समारोह में भारी संख्या में श्रद्धालुओं माताएं , बहनें एवं बच्चे भाग लेंगे ।इस बैठक में यज्ञ समिति के पदाधिकारी एवं एक्यूमर हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी (गोरखपुर मंडल मैनेजर)अखिलेश पांडेय कांटेबल प्रवीण तिवारी, कांटेबल अजय मिश्रा, गौतम पांडेय, जयनारायण पाण्डेय, मुन्ना विश्वकर्मा सहित आदि गणमान्य लोगों ने मौजूद रहे।

### मामूली विवाद में हंसिया से किया हमला

**श्रावस्ती।** भगवानपुर बनकट के मोहनीपुर स्थित देशी शराब की दुकान पर सोमवार को दो लोगों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान बात इतनी बढ़ी कि दोनों एक दूसरे पर हमलावर हो गए। इस दौरान एक युवक ने दूसरे पर हंसिए से वार कर घायल कर दिया। जिसे सीएचसी इकौना लाया गया। जहां से बहराइच रेफर कर दिया गया। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर बनकट निवासी गोविंद (40) सोमवार को गांव के ही मोहनीपुर तिराहे पर शराब पीने आया था। जहां वह देसी शराब की दुकान पर शराब पी रहा था। इसी बीच वहां शराब पी रहे थाना क्षेत्र के ग्राम इटौंजा निवासी नीबर चौहान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस दौरान बात इतनी बढ़ी कि दोनों एक दूसरे पर हमलावर हो गए। नीबर ने गोविंद के गर्दन पर हंसिए से वार कर दिया। जिससे गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोविंद को सीएचसी इकौना पहुंचाया।


# महाशिवरात्रि पर्व पर सभी शिवालयों में रहेगी चाक चौबंद सुरक्षा

## सादे कपड़ों में महिला और पुरुष जवान असमाजिक तत्वों रखवेंगे नजर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**श्रावस्ती।** महाशिवरात्रि पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले के प्रमुख शिवालयों में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए अभी से प्रयास किया जा रहा है। एसपी घनश्याम चौरासिया ने बताया कि माहौल न बिगड़े, इस नजरिए से पुलिस व प्रशासन को अभी से सतर्क कर दिया गया है।


बता दें जिले के सिरसिया विकास खंड अन्तर्गत पांडव कालीन विभूति नाथ शिव मंदिर,संत पथरी मंदिर, गिलौला विकास खंड अन्तर्गत सदा शिव मंदिर, झारखंडी नाथ शिव मंदिर, इकौना के बडा शिवालय और बेचू बाबा मंदिर में भारी संख्या में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालु जलाभिषेक करते हैं। अब महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है ।जलाभिषेक में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो , इसके लिए प्रमुख शिवालयों में बैरिकेडिंग कराने के साथ ही थ्री लेअर सुरक्षा व्यवस्था कराई जा रही है।



एसपी ने बताया कि महा शिवरात्रि पर्व पर जिले के सिरसिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत पांडव कालीन विभूति नाथ शिव मंदिर में सबसे बड़ा मेला लगता है।

इस दौरान लाखों की संख्या में शिव भक्त तथा कंवाडिया यहां जलाभिषेक करते हैं। इनमें पड़ोसी राष्ट्र नेपाल, बलरामपुर, बहराइच,श्रावस्ती समेत अन्य जनपदों से शिव भक्त जलाभिषेक को पहुंचते हैं।इस मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आदेश दिया जा चुका है और इंडो-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। उन्होंने बताया है कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई विशेष इंतजाम किए गए हैं। इनमें अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती बैरिकेडिंग और टृफिक प्रबंधन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भीड़ पर नियंत्रण और नजर रखने के लिए डोन कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही सादे कपड़ों में महिला व पुरुष के जवान निगरानी करेंगे। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक सिरसिया को क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों और मंदिरों के सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा का निर्देश भी दिया है। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा और जलाभिषेक के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के चाक चौबंद इंतजाम रहेंगे।

साथ ही संवेदनशील स्थानों पर विशेष पुलिस बल तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ वाले इलाकों में अभी से संघन चैकिंग के निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रमुख शिवालयों, स्थलों की निगरानी डोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी। एसपी ने आम जनमानस से अपील की है कही भी कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखे तो उसकी जानकारी व सूचना पुलिस को तुरंत दे। जिससे संबंधित पर कार्रवाई की जा सके और शांति व्यवस्था कायम रहे।



# महाशिवरात्री पर दर्शनार्थियों और बारातियों की सुरक्षा में जुटे डीएम एसपी

## महाशिवरात्री पर चतुर्भुजपुर में शिवबारात और तीन दिवसीय मेला का होता है आयोजन

♦ स्वंय भू के जलाभिषेक को लेकर बिहार सहित कई जनपद के श्रद्धालु टेकते है मत्था

शकुन टाइम्स संवाददाता




**सकलडीहा/चंदौली।** महाशिवरात्री पर चतुर्भुजपुर स्वंय भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर और सकलडीहा कस्बा के माहेश्वर मंदिर पर आस्थावानों की भीड़ जलाभिषेक के लिये उमड़ता है। इसके साथ ही दोनों जगह से शिव बारात निकाला जाता है। मंगलवार को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम निखिल टी फूंडे और पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारियों को सुरक्षा के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही मंदिर से लेकर रेलवे क्रासिंग तक बैरियर और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पर अधिकारियों से जानकारी लिया। इस मौके पर एसडीएम अनुपम मिश्रा सीओ रघुराज सहित कोतवाली पुलिस और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

महाशिवरात्री पर चतुर्भुजपुर में तीन दिवसीय विशाल मेला का आयोजन होता है। इसके अलावा स्वंय भू कॉलेश्वर महादेव मंदिर में बिहार सहित कई जनपद के श्रद्धालु और शिवभक्त ब्रम्हमुर्हूत से ही जलाभिषेक के लिये लाइन में लग जाते है। महाशिवरात्री और शिवबारात को लेकर डीएम और एसपी मंदिर पर पहुंचकर बैरियर,सीसी कैमरा और ड्रोन के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही रेलवे क्रासिंग पर विशेष सुरक्षा के साथ कासन पर गाड़ियों को चलाने के बारे में रेलवे विभाग के अधिकारियों को बताया। हर हाल में सुरक्षा और शांति पूर्वक व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर एसडीएम अनुपम मिश्रा,तहसीलदार अजीत सिंह,सीओ रघुराज,कोतवाल हरिनारायण पटेल,राणा यादव, राजस्व निरीक्षक अजय बहादूर सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल और प्रधान अरविंद यादव मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी पर भड़के एसडीएम

महाशिवरात्री मेला को लेकर डीएम की ओर से पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई और एई को बैरियर लगाने का निर्देश दिया गया। डीएम के सामने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने हामी भर लिया। डीएम के जाते ही पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई ने एक्सीईन का निर्देश मिलने पर कार्य करने को कहा। इतना सुनकर एसडीएम भड़क गये। विभागीय अधिकारियों से वार्ता के बाद बैरियर लगाने का कार्य शुरू होने पर राहत का सांस लिया।

### चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस और पीएससी

महाशिवरात्री मेला और शिवबारात को लेकर पुलिस अधीक्षक आदित्य लाग्हें की ओर से भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगाने का निर्देश दिया है। इस दौरान दो थाना प्रभारी के साथ आधा दर्जन दरोगा,महिला दरोगा और सिपाही के साथ पीएससी और जीआरपी पुलिस वर्दी में तैनात रहेगी। इसके अलावा एंटी रोमियों की टीम, फायर बिग्रेड और सादे ड्रेस में महिला और पुलिस के जवान भ्रमण सील रहेंगे।

# वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जारी किया वित्तीय वर्ष के बिल भुगतान के लिए गाइडलाइन

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गाजीपुर।** वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने बताया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह 02-2025 तक आवंटित धनराशि का उपयोग 15.03.2025 तक तथा माह 03-2025 में 15 मार्च या उसके बाद आवंटित बजट का 31.03.2025 में शासन द्वारा निर्धारित समय 20.00 बजे का प्रत्येक स्थिति में आहरण वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार में बिल प्रस्तुत कर आहरण सुनिश्चित कर प्रत्येक स्थिति में उपभोग कर लिया जाना है एवं इसके उपरांत जो धनराशि उपभोग नहीं की जायेगी वह धनराशि स्वत: कालातित हो जायेगी, इसके लिए आवश्यक है कि धनराशि को प्रत्येक दशा में 31 मार्च तक उपभोग कर लिया जाये अथवा अपने विभाग के वित्त नियंत्रक को समर्पित कर दिया जाय। इसी क्रम में यह भी अवगत कराना है कि कुछ भुगतान त्रुटिवश गलत बेनिफीशरी बनाये जाने के कारण ई-कुबेर व्यवस्था के अंतर्गत स्वत: डी0डी0ओ0 पोर्टल पर संबधित विभाग के रिर्टन ट्राजेक्शन में जमा हो जाता है। जिसे पुन: डी0डी0ओ0 पोर्टल द्वारा लेखाशिर्षक 8670 से सामान्य देयक प्रपत्र- 105 के माध्यम से भुगतान सही बेनिफीशरी खातें में किया जाता है। उक्त के कम में यह भी अवगत कराना है कि जो ट्राजेक्शन 31.03.2025 तक रिर्टन हो जायेगें उनका आहरण संबधित विभाग द्वारा डी0डी0ओ0 पोर्टल के माध्यम से 30.04.2025 तक ही लेखाशिर्षक 8670 से सामान्य देयक प्रपत्र- 105 के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। इसके पश्चात उक्त रिर्टन ट्राजेक्शन की धनराशि कालातीत हो जायेगी। अतएव उपरोक्त के दृष्टिगत समस्त आहरण वितरण अधिकारियों से अनुरोध है कि कृपया तत्परता से उक्त निर्देशानुसार आहरण करना/कराना सुनिश्चित करें। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सकें।

# प्रस्तावित काले कानून के खिलाफ रजिस्ट्री कार्यालय पर वकीलों ने लगाया ताला

शकुन टाइम्स संवाददाता




**सकलडीहा।** केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तावित काले कानून को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को बार कौंसिल के आवाहन पर सकलडीहा संयुक्त बार के अधिवक्ताओं रजिस्ट्री सहित विभिन्न कार्यालयों को बंद कराते हुए विरोध जुलूस निकाला। इस दौरान अधिवक्ताओं ने सुबह से तहसील परिसर में केन्द्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। पूरे दिन न्यायिक कार्य से विरत रहे। अंत में एसडीएम अनुपम मिश्रा को विधि एवं न्याय मंत्री के सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार केन्द्र में जबसे आयी है। लोकतंत्र को खतम कर राजतंत्र लाना चाह रही है। अधिवक्ताओं के अधिकार पर खुलेआम लगाम लगाने का साजिस रच रहा है। अधिक्ताओं ने सरकार के प्रस्तावित काले कानून के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। रजिस्ट्री कार्यालय से लेकर विभिन्न कार्यालयों के बंद कराया। अधिकारियों को अपने आवास पर मिटिंग करना पड़ा। प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संसोधन वकीलों के अधिकारों को पूरी तरह समाप्त करना चाहती है। अधिवक्ताओं और आमजनमानस के बिल्कुल विपरीत है। इसके साथ ही संविधान के मूल भावना के भी विपरीत है। इस मौके पर डेमोक्रेटिक बार अध्यक्ष कुबेरनाथ सिंह, बार अध्यक्ष अशोक यादव, शिवकुमार सिंह,उपेन्द्र नारायण सिंह, राजेश्वर सिंह रज्जू, सुरेश यादव, मनोज पांडेय, उमाशंकर, संकेत पांडेय, शैलेन्द्र पांडेय, अरूण कुमार,धर्मदेव, प्रभु पाठक, रामराज, विजय प्रताप सिंह, आशुतोष मिश्रा, नितिन तिवारी, पंकज यादव, अखिलेश तिवारी, शोभनाथ यादव,लालू शर्मा,सुभाष सिंह, सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

**सकलडीहा में संयुक्त बार के अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर निकाला भड़ास**

**अधिवक्ताओं ने सरकार पर अधिकारी छिनने और तानाशाही का लगाया आरोप**

### वकीलों के विरोध से दस लाख का नुकसान

वकीलों के विरोध प्रदर्शन के कारण रजिस्ट्री कार्यालय बंद होने के कारण करीब 10 लाख का राजस्व का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही आम जनमानस अपने न्यायिक कार्य से वंचित रहे। यही नही किसी प्रकार का कार्य नहीं होने से ग्रामीण सहित छात्र तहसील में भटकते नजर आये।

## संक्षिप्त सामाचार

### बीएसएनएल ऑफिस से डेढ़ लाख का कापर केबिल चोरी,पुलिस जांच में जुटी

**सकलडीहा/चंदौली।** कस्बा स्थित बीएसएनएल ऑफिस का बीती रात ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का कापर केबिल गायब कर दिया। सुबह जब एसडीओ पहुचे तो केबिल गायब था। उन्होंने चोरी की घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की। पुलिस मौके पर पहुची घटना की छानबीन कर मामले का जल्द खुलासा करने की बात कही है।

बीएसएनएल ऑफिस के एसडीओ सेवानन्द मौर्या ने बताया कि सोमवार की रात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस आए। इसके बाद स्टोर रूम का ताला तोड़कर उसमें रखा करीब 140000 का केबिल निकालकर पीछे के रास्ते भाग गए। रात में ऑफिस में कोई कर्मचारी और गार्ड नही रहता है। चोरी की इस घटना से हड़कंप मच गया। भारी मात्रा में केबिल चोरी होने पर तत्काल इसकी सूचना 112 पर देते हुए कोतवाली पर लिखित तहरीर दी गई। साथ ही विभागीय अधिकारियों को भी जानकारी दी गई। कोतवाली पुलिस का कहना है कि चोरी की सूचना मिली है जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा।

### एलआईसी एजेंट ने किया सुसाइड कमरे में फांसी पर लटका मिला शव

**अमेठी।** जिले के मुसाफिरखाना में एक एलआईसी एजेंट की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 में रहने वाले 55 वर्षीय अनुराग श्रीवास्तव का शव उनके कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया, जो तुरंत मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पिछले कई सालों से एलआईसी एजेंट के रूप में कार्यरत थे। थाना प्रभारी मुसाफिरखाना विवेक सिंह के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस परिजनों और करीबी लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन तहकीकात की जाएगी।

### अधिवक्ता संशोधन बिल का विरोध,सैकड़ों वकीलों ने रजिस्ट्री ऑफिस में किया प्रदर्शन

**अमेठी।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में अमेठी के वकील सड़कों पर उतर आए। अमेठी तहसील से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन रजिस्ट्री ऑफिस तक पहुंचा। सैकड़ों की संख्या में वकीलों ने पोस्टर-बैनर के साथ जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी वकीलों ने रजिस्ट्री ऑफिस में तैनात दस्तावेज लेखकों से समर्थन मांगा। उन्होंने एक दिन के लिए बैनामा न करने का अनुरोध किया। दस्तावेज लेखकों ने वकीलों की इस मांग को स्वीकार करते हुए आंदोलन में शामिल होने का आश्वासन दिया।

वकीलों ने सब रजिस्ट्रार को एक पत्र सौंपा। इसमें दिन भर कोई बैनामा न करने की बात कही गई। बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश मिश्र ने स्पष्ट किया कि जब तक केंद्र सरकार इस बिल को वापस नहीं लेती, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। वकील जब से यह बिल लागू हुआ है, तब से लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। आज का विरोध प्रदर्शन इसी कड़ी का हिस्सा था। दस्तावेज लेखकों ने भी वकीलों के साथ खड़े होकर आज कोई बैनामा न करने का निर्णय लिया।

# भदौरा गांव के भदेश्वर नाथ मंदिर पर लगेगा प्राचीन मेला

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाजीपुर।** भांवरकोल ब्लॉक के भदौरा ग्राम पंचायत में महाशिवरात्रि के मौके पर बाबा भदेश्वर नाथ मंदिर के परिसर में भव्य मेले का आयोजन 26 फरवरी को होगा। इस मेले में गांव के अलावा क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और बाबा भदेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। परिसर में आयोजित होने वाले मेले में बच्चों के खिलौने, मिट्टी के बर्तन, कपड़ों की दुकान, लकड़ी से संबंधित सामान तथा मिठाइयों की दुकान लगती आई हैं इस बार मेले में चरखी भी देखने को मिल रही है। ग्राम प्रधान बिट्टू सिंह कुशवाहा ने बताया कि भदेश्वर नाथ मंदिर काफी प्राचीन है और सदियों से महाशिवरात्रि पर कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है मंदिर के प्रसाद में गन्ने का रस सभी श्रद्धालुओं में वितरित होता है। गांव की समाजसेवी विवेक सिंह कुशवाहा ने मेले के आयोजन से संबंधित जानकारियां देते हुए बताया कि मेले में बच्चों के साथ-साथ अनेक श्रद्धालु आते हैं और बाबा भदेश्वर मंदिर दर्शन और जलाभिषेक करते हैं। ग्राम प्रधान ने बताया कि यहां पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु थाने को सूचित किया गया है। पूर्व में इस मंदिर पर पर्यटन विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च करके मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। सभी क्षेत्रीय लोगों को बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील ग्राम सभा के द्वारा की गई है।

इस मौके पर गांव के ही अखिलेश कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, अरुण राजभर, पप्पू राजभर, मंटू कुशवाहा समाजसेवी बलिराम सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।


# पिकअप पर लदे सरिया की चपेट में आने से महिला की मौत, तीन अन्य घायल

शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के जगरनाथपुर में दुकान पर सरिया उतारने गई पिकअप का डाला टूटने से पलटी सरिया में दबने से 40 वर्षीय सोनी धरकार की तत्काल मौत हो गई। वह वही नाला पर बैठकर बर्तन माज रही थी। वही पास में बैठे तीन और धरकारों की दबने से बुरी तरह घायल हो गए। घटना पर पहुची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। वही अन्य घायलों को चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना से परिजनो में हाहाकार मच गया। चहनियां जगरनाथपुर के रहने वाले बाबूलाल धरकार की बहन सोनी देवी अपने भाई के घर रहकर विगत एक माह से दवा करा रही थी। इनका पति और बच्चे भी यही थे। मृतका की शादी मऊ जनपद के गाढ़ा गांव में हुई है। दोपहर करीब 11 बजे सोनी देवी मुख्य मार्ग पर बैठकर बर्तन माज रही थी। उसी दौरान वही बगल में उमेश गुप्ता के हार्डवेयर की दुकान पर सरिया उतारने के पिकअप खड़ा किया जो पिकअप का डाला टूटने और पलटने से सरिया में दबकर सोनी देवी की मौत हो गई। वही पास में कुछ दूरी पर 28 वर्षीय पिंटू धरकार, 25 वर्षीय पूजा धरकार और 35 वर्षीय उर्मिला घायल हो गयी। सरिया में दबने से हाहाकार मच गया। आसपास के लोग दौड़कर पिकअप को उठाने का प्रयास करने लगे। घटना की सूचना पर पहुँचे बलुआ इंस्पेक्टर पहुचकर शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर डॉ.आशीष मिश्रा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पिकअप चालक और खलासी की लापरवाही से मौत हुई है। इनकी खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही किया जा रहा है। वही मौत से मृतका के पति सन्तोष,पुत्र विशाल,भाई बाबूलाल और अन्य परिजनो का रोकर बुरा हाल है।

# गौवंश से भरी गाड़ी पलटने से गोवंशो की हुई मौत तस्कर गिरफतार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जमानिया।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र में पुलिस के सख्त प्रयासों के बावजूद पशु तस्करी बेखौफ जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को पुलिस ने बरेसर नहर के समीप एक पिकअप वाहन से गोवंश बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसके पास से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ, जबकि उसके अन्य साथी फरार हो गए।

पुलिस गोवंश से भरी पिकअप और तस्कर को कोतवाली लेकर आई, जहां आरोपी की पहचान धर्मराज बिंद (निवासी- आकुसपुर, नंदगंज थाना क्षेत्र) के रूप में हुई। सख्ती से पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता, गोवध निषेध कानून, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया। बरामद गोवंशों को पुलिस ने निकटवर्ती गौ आश्रय केंद्र में भेज दिया, जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। वहीं, बरामद पीकअप को पुलिस ने सीज कर दिया। फरार तस्करों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन अभी तक उनकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अजय कुमार और आरक्षी अरविंद पाल पशु तस्करों के खिलाफ चेकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि बरेसर नहर से गोवंश से भरी एक पीकअप बिहार ले जाने की फिराक में है। इस पर पुलिस ने इलाके में बैरिकेडिंग कर वाहनों की सख्त तलाशी शुरू कर दी। चेकिंग के दौरान एक पिकअप तेजी से आती दिखी, जिसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन भगाने का प्रयास किया। बैरिकेडिंग के कारण वाहन भाग नहीं सका और पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

# जन सूराज ने मोहनिया, कुदरा, रामगढ़, दुर्गावती एवं नुआंव प्रखंड समिति घोषणा कार्यक्रम आयोजित

## 27 फरवरी को भारी संख्या में पटना पहुंचेंगे पदाधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता




**भभुआ/ कैमूर।** कैमूर जिले के मोहनिया, कुदरा, रामगढ़, दुर्गावती एवं नुआंव प्रखंड समिति के पदाधिकारियों की औपचारिक घोषणा की गई। मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को उनकी भूमिकाओं एवं दायित्वों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

साथ ही, उन्हें संगठन को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और दक्षता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। यह कार्यक्रम पार्टी के जिला प्रभारी शमीम अहमद के नेतृत्व और जिलाध्यक्ष आनंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता सुनील कुमार पांडेय, जिला अभियान समिति संयोजक राम इकबाल प्रसाद बिंद, संगठन जिला अध्यक्ष भभुआ हीरा यादव, जिला महासचिव रवींद्र उपाध्याय, संगठन जिला अभियान समिति संयोजक मोहनिया डॉ. जवाहर बिंद, अनुमंडल अध्यक्ष हरेंद्र कुशवाहा, महासचिव हरिचरण ठाकुर, संगठन जिला महिला अध्यक्ष मोहनिया आरती कुमारी, जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष बुद्धदेव राम, महिला अध्यक्ष कांति देवी, अनुमंडल युवा अशोक चौरसिया, जिला सचिव प्रवीण कुमार, किसान अध्यक्ष अनिल अध्यक्ष, अनुमंडल अध्यक्ष अरुण तिवारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य जनार्दन पासवान, नज़र इकबाल, जॉनी आर्या, अनुमंडल सचिव श्रीकांत चौबे समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर नवनियुक्त मोहनिया प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, नुआंव अमित राय, रामगढ़ काशी नाथ कुशवाहा, दुर्गावती दयाशंकर पांडे एवं कुदरा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार भी मौजूद रहे। रामगढ़ महिला अध्यक्ष सविता कुशवाहा, कुदरा महिला उर्मिला देवी समेत अन्य प्रखंडों की महिला अध्यक्ष भी मौजूद रहीं। इसके अलावा इस अवसर पर कई प्रखंड स्तरीय पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने संगठन के विकास एवं भविष्य की दिशा को लेकर महत्वपूर्ण विचार साझा किए।

# अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर जताया विरोध

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जमानिया।** अधिवक्ताओं के हितों पर गहरी चोट पहुंचाने वाले एडवोकेट अमेंडमेंट बिल का विरोध तेज हो गया है। स्थानीय अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजकर इस बिल को अधिवक्ता समुदाय के अधिकारों पर सीधा हमला बताया और इसके प्रावधानों को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि एडवोकेट एक्ट 1961 में प्रस्तावित संशोधन से अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता प्रभावित होगी। इसमें बार काउंसिल में सरकारी हस्तक्षेप, हड़ताल पर प्रतिबंध, अधिवक्ताओं पर आपराधिक मुकदमे का खतरा और पंजीकरण रद्द करने के सख्त प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, अधिवक्ताओं ने सरकार पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू न करने, आयुष्मान भारत योजना में अधिवक्ताओं को शामिल न करने, बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन और युवा अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन राशि न देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तब इस तरह का संशोधन अधिवक्ताओं को कमजोर बनाने की साजिश है। अधिवक्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति से बिल को निरस्त करने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने कहां है कि बार कौंसिल ऑफ़ उत्तर प्रदेश के दिशा निर्देश के अनुसार अग्रिम कार्रवाई के लिए हम लोग एकजुट होकर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, सचिन अमरनाथ राम, पूर्व अध्यक्ष गोरखनाथ सिंह, पूर्व सचिव कमलकांत राय, उदय नारायण सिंह, मेराज हसन, फैसल होदा, जयप्रकाश राम, मुनेश सिंह, दिग्विजय नाथ तिवारी, मिथिलेश सिंह, ज्ञान सागरश्रीवास्तव, बृजेश कुशवाहा, रवि प्रकाश, सुनील कुमार, बृजेश ओझा, घनश्याम कुशवाहा, संजय यादव, रमेश यादव कई अधिवक्ता शामिल रहे हैं।

# माउंट कोलंबस विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया गया बड़े ही धूमधाम से

## ■ मंच से छोटे-छोटे बच्चों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए आयोजित

शकुन टाइम्स संवाददाता




**हापुड़।** सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत लगने वाले माउंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में किंडरगार्टन से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए कराया गया वार्षिकोत्सव उन्नयन 2025 का वह भव्य आयोजन, विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ राजीव रंजन सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा रचनात्मकता और संस्कृति धरोहर को उजागर करने के उपदेश से किया गया था, जहां पर कार्यक्रम का आगाज होने से पहले विद्यालय के अध्यक्ष सतपाल यादव, प्रिंसिपल डॉक्टर राजीव रंजन सिंह एवं वाइस प्रिंसिपल श्रीमती श्वेता सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किए गए, इसके पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना कर कार्यक्रम का आयोजन किया, जहां पर विद्यालय के प्रिंसिपल ने बताया कि विद्यार्थियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत थीम पर आधारित मंच के द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर विद्यालय में आए अतिथियों का मन मोह लिया, रंगारंग प्रस्तुतियों में देशभक्त भारतीय संस्कृति नृत्य संगीत एवं कई देश के ऊपर नाटकों के द्वारा बच्चों ने प्रस्तुतियां दी, छोटे-छोटे बच्चों के प्रस्तुतियां देख विद्यालय परिसर में बैठे अतिथियों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह वर्धन,कार्यक्रम का मंच संचालन श्रेया गर्ग और हर्षिता सांगवान ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया,जिससे पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा एवं उत्साह रहा, तो वहीं मंच के द्वारा कार्यक्रम करने वाले बच्चों की झांकियां को देख किया गया उन्हें सम्मानित, जहां पर वार्षिकोत्सव के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियां में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी एवं प्रमाण पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई, इस अवसर पर विद्यालय की किंडरगार्टन कोऑर्डिनेटर जया राणा तथा शिक्षिकाएं रेशमा,शालु,शैंकी, आंचल, रेखा सिवाल, शगुन, अणु, पाठक, अणु शर्मा, आंचल सिरोही, सचिन, पूजा सिंह,अपूर्वा यादव, भारती शर्मा आधुनिक कार्यक्रम को सफलता पूर्वक करने के लिए काफी अहम भूमिका निभाई, तो वहीं प्रिंसिपल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय के शैक्षिक स्तर, अनुशासन और सह पाठ्यक्रम गतिविधियों की सरहाना की उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यालय प्रशासन की मेहनत और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया जिससे बच्चों के समक्ष विकास में योगदान मिल रहा है, तो वही माउंट कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर राजीव रंजन सिंह ने मंच से संबोधन ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व, संस्कार और नैतिक मूल्यों को भी संवारना है, उन्नयन 2025 सिर्फ एक समारोह नहीं बल्कि बच्चों की मेहनत और समर्पण का उत्सव है, हम अपने विद्यार्थियों को ऐसा मंच प्रदान आगे भी करते रहेंगे जहां बच्चे अपने प्रतिभा को और भी निखार सके और उनमें विश्वास के साथ-साथ आगे बढ़ाने की भी शक्ति प्राप्त हो, इस भाव वार्षिकोत्सव नए विद्यार्थियों अभिभावकों और शिक्षकों को नहीं ऊर्जा और प्रेरणा दी है तथा कार्यक्रम की शानदार सफलता पर पूरे विद्यालय परिसर में काफी खुशी का माहौल रहा।

## संक्षिप्त सामाचार

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मऊ दरवाजा थाना क्षेत्र रेललाइन पार करते समय मंगलवार को ट्रेन से कटकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर का निवासी विनोद कुमार (40) आज प्रात: अपने गांव से, किसी काम के लिए, पूर्वोत्तर रेलवे के फर्रुखाबाद- हरसिंहपुर गोवा स्टेशनों के मध्य गांव के समीपवर्ती रेललाइन पार कर रहा था। इसी दौरान किसी ट्रेन के अचानक आने से कट कर ऐसे वक्त की दर्दनाक मौत हो गई। इधर धटना की सूचना थाना मऊ दरवाजा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### लावारिश शव हुआ दफन, नहीं हो पाई थी सड़क हादसे में मृत व्यक्ति की शिनाख्त

**जौनपुर।** लावारिश शव इंतजामिया कमेटी (रजिस्टर्ड) जौनपुर द्वारा 24 फरवरी सोमवार को देर शाम आठ बजे एक लावारिश शव थाना लाइन बाजार जौनपुर से प्राप्त हुआ था पुलिस के अनुसार शव हाइवे नेवादा पर पेट्रोल पंप के पास सड़क हादसे मे मृत मिला था शव का हुलिया दाढ़ी थी उम्र लगभग 52 वर्ष होगी ।शव की शिनाख्त न होने पर 72 घंटे रखने के बाद शव को अंत्य परीक्षण के बाद मुस्लिम रीति रिवाज़ से हजरत हम्ज़ा चिश्ती कब्रस्तान के दक्षिण तरफ मोहल्ला पंचहटिया जौनपुर पर दफन करवाया गया जनाजे की नमाज हफीज अजहर रसीदाबाद ने अदा करवाई ।इस मौके पर रियाजुल हक ,इम्तियाज सिद्दीकी सहित पुलिस विभाग से आरक्षी सर्वेश कुमार मौजूद रहे। विशेष सहयोग मास्टर मेराज,शकील ड्र्गस,आबिद खान,शहजादे ,राजा हसन,फिरदौस का रहा।

### पिता-पुत्र हत्या मामले में तीन को आजीवन कारावास

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया की एक अदालत ने पिता व पुत्र की हत्या के मामले में मंगलवार को तीन दोषियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 22500 रुपये का जुर्माना भरने का फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष ने यहाँ बताया कि जिले के एकौना क्षेत्र के ग्राम बिशुनपुर बगही में दो मार्च 2018 की शाम 5.30 बजे योगेन्द्र सिंह और उनके लड़के राजन सिंह की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में आज अपर सत्र न्यायाधीश छाया नैन की अदालत ने पारस मिश्रा उसका लड़का कुबेर मिश्रा और दामाद राजेश पाण्डेय को दोषी पाये जाने पर सजा सुनाई तथा दो आरोपियों को संदेह के आधार पर बरी कर दिया। तीनों को अदालत ने सजा के लिए जिला जेल भेज दिया।

### मेडिकल कॉलेज में संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला मरीज का शव

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक युवा मरीज का शव मंगलवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में ही संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि अतर्रा थाना क्षेत्र के आऊ गांव निवासी 35 वर्षीय राजकुमार को विगत 23 फरवरी को राजकीय रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वह लीवर की बीमारी से ग्रस्त थे। मंगलवार को उनका शव मेडिकल कॉलेज परिसर के मेडिसिन विभाग के पीछे पड़ा मिला। जहां घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही शव कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम हेतु भेजा। जहां तीन चिकित्सकों के पैनल द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया।

# हापुड़ सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ सीडीओ हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति 6त्नक्क8 की समीक्षा बैठक की गई द्य बैठक में डॉ सुनील कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमएस ,डी सी एच चिकित्सालय, समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी .डी.टी.ओ .डी.आइ.ओ.एस. .एडीआरओ .एवं डीपीएमयू यूनिट के सभी लोग तथा जिले के समस्त चिकित्सा प्रभारी, यूनिसेफ.डब्लू एच ओ .एन.जी.ओ आदि लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में 100 दिवसीय टीवी अभियान मुख्य विषय रहा इस अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले मरीजों को समस्त जनसंख्या के तहत 13 त्न से बढ़कर 20त्न तक किया जाए तथा सभी मरीजों का जल्द से जल्द उपचार किया जाए और सरकार द्वारा प्राप्त योजना के लाभ से लाभान्वित भी किया जाए। सीडीओ ने जनपद के सभी सीएससी केन्द्र की एमसीडी, ओपीडी, एनआरसी तथा आईपीडी की बैठक करते हुए निर्देश दिए कि निश्चय पोषण योजना के शेष लाभार्थियों को लाभ देना सुनिश्चित करें।

# कंपनी सचिव परीक्षाओं के दिसंबर 2024, के परिणाम घोषित

शकुन टाइम्स संवाददाता




**कानपुर।** दिसंबर 2024 में आयोजित कंपनी सचिवों की परीक्षाओं के प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 और 2022 पाठ्यक्रम) और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2017 और 2022 पाठ्यक्रम) के परिणाम आज, यानी 25 फरवरी 2025 को नई दिल्ली में घोषित किये गए और संस्थान के देश के सभी कार्यालयों में भी जारी कर दिए गए। ष्टस्ढ्ढ ने संस्थान की वेबसाइट -222.ढ्ढष्ह्यढ्ढ.द्गस्रह्व पर विषय-वार ब्रेक-अप के साथ-साथ परिणाम उपलब्ध कराने के अलावा, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम परीक्षा के परीक्षार्थियों द्वारा ई-रिजल्ट-कम-मार्क्स स्टेटमेंट डाउनलोड करने की सुविधा भी दी है। प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) परीक्षा के मॉड्यूल में 35.81 प्रतिशत अभ्यर्थी, मॉड्यूल II में 34.09 प्रतिशत और मॉड्यूल ।।। में 36.20 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) परीक्षा के ग्रुप 1 में 30.40 प्रतिशत अभ्यर्थी, और ग्रुप 2 में 31.39 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। दिल्ली परीक्षा केंद्र से कशिश गुप्ता, प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) और ठाणे परीक्षा केंद्र से यशी धरम मेहता प्रोफेशनल प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम), ने परीक्षा में ऑल इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है। एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) परीक्षा के मॉड्यूल-1 में 28.64 प्रतिशत अभ्यर्थी और मॉड्यूल- II में 27.52 प्रतिशत अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) परीक्षा में, 15.91 प्रतिशत अभ्यर्थी ग्रुप 1 में और 19.74 प्रतिशत अभ्यर्थी ग्रुप 2 में उत्तीर्ण हुए हैं। बेंगलुरु परीक्षा केंद्र से मुकंदा एम् जी, एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2017 पाठ्यक्रम) और उदयपुर परीक्षा केंद्र से खुशबू कुंवर, एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) ने परीक्षा में ऑल इण्डिया फर्स्ट रैंक प्राप्त किया है। कंपनी सचिवों के प्रोफेशनल प्रोग्राम (2017 और 2022 पाठ्यक्रम) और एक्जीक्यूटिव प्रोग्राम (2022 पाठ्यक्रम) की अगली परीक्षाएँ, रविवार, 1 जून, 2025, से, मंगलवार, 10 जून, 2025 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा शुल्क के साथ आवेदन 26 फरवरी, 2025 से जमा किया जा सकता है।

# बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर तथा टीम एडुस्टफ उत्तर प्रदेश जौनपुर की एक सराहनीय पहल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग जौनपुर तथा टीम एडुस्टफ उत्तर प्रदेश जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में प्रयागराज महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए टीम एडुस्टफ उत्तर प्रदेश जौनपुर के स्वप्रेरित शिक्षको ने एक सराहनीय पहल की है। टीम ने जेसीज चौराहे के पास जलपान सेवा शिविर की शुरुआत की है । एडुस्टफ उत्तर प्रदेश की संस्थापक प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि यह शिविर विशेष रूप से शिवरात्रि के स्नान पर्व के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगाया गया है। शिविर में जिलाधिकारी जौनपुर डॉ दिनेश चंद्र ने कहा कि देश के कोने कोने से महाकुंभ से काशी स्नान के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य बनता है। इससे बड़ा कोई पुण्य हो ही नहीं सकता। सैकड़ों लोगों को पानी बिस्किट,केला आदि पिलाकर नम्रता पूर्वक हाथ जोड़कर अभिवादन कर आगे के लिए विदा किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि दूर दराज से आये श्रद्धालुओं में नाश्ता का वितरण किया जा रहा है। महाकुंभ में गंगा स्नान कर लौट रहे बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को रोक रोककर उन्हें जलपान पश्चात गंतव्य हेतु विदा किया जा रहा है। विभाग के शिक्षक शिक्षिकाएं उत्साह से लगे हुए हैं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सीलम साईं तेजा, जिला बेसिक शिक्षाअधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल , राजू रिशित , विंध्यवासिनी त्रिपाठी, आनंद सिंह, संध्या सिंह, ज्योति श्रीवास्तव, अंजना सिंह शुभाकांक्षा सिंह, सुधा श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, ओमला सिंह, अर्चना सिंह, मधुलिका अस्थाना,सोनल सोनी जायसवाल, मीरा अग्रहरि, अभिलाषा श्रीवास्तव, सोहराब , राहुल यादव इत्यादि उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि के पर्व पर नारी उत्थान फाउंडेशन ने बच्चों को बोर्नविटा के पैकेट किएं वितरण



शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** मंगलवार को हापुड़ में लिपरेसी कॉलोनी फ्रीगंज रोड पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नारी उत्थान फाउंडेशन ने बच्चों को बोर्नविटा के पैकेट किया वितरण जहां पर छोटे-छोटे बच्चे काफी खुश नजर आए, नारी उत्थान फाउंडेशन एनजीओ अध्यक्ष सरिता गुप्ता तथा हापुड़ से एनजीओ अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर निर्धन और कुपोषित बच्चों को एनजीओ द्वारा बोर्नविटा के पैकेट किए गए वितरण, सरिता गुप्ता और राजकुमार शर्मा ने बताया कि छोटे-छोटे बच्चों में खुशियां बांटना बहुत अच्छा लगता है, तथा छोटे बच्चों की सेवा करना हम सभी का धर्म हैं।

## ■ शकुन टाइम्स की खबर का असर

# बनी हशूपुर बाईपास की सड़क





बाईपास की सड़क हो गयी जर्जर

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के गांव हशूपुर बाईपास की पक्की रोड हो चुकी है जर्जर, कुछ समय बाद किसान भाइयों को गन्ना डालने में हो सकती है थोड़ी दिक्कत इस रोड के माध्यम से, यह बायपास रोड में सड़क को जोड़ते हुए पोपाई गढ़ मेरठ रोड को जोड़ती है, दर्जनों से अधिक गांव इस रोड से निकलते हैं, जगह-जगह रोड में गड्ढे हो चुके हैं, आखिर पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों की नजर कब होगी इस रोड पर, गन्ने के सीजन में ट्रैक्टर ट्राली बोलते हैं धव्ड धव्ड, आखिर क्षेत्रीय प्रतिनिधि को देखना चाहिए इस रोड को, यह रोड क्षेत्र वासियों के लिए काफी लाभदायक है क्योंकि दिन या रात इस पर काफी आवागमन होता रहता है।

मौजूदा समय के अंदर देखा जाए तो आम जनमानस को थोड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, अब देखना यह होगा की कितनी जल्द पीडब्ल्यूडी के अधिकारी करते हैं इस रोड की तरफ को करते हैं अपनी नजर।

शकुन टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** तहसील गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के गांव हशूपुर बाईपास की सड़क हुई बनी शुरू, पीडब्ल्यूडी के द्वारा, बता दें कि शकुन टाइम्स निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज ने खबर को बड़ी प्रमुखता से प्रकाशित किया था, अब सवाल बाद यह है कि पीडब्ल्यूडी किस सड़क यह अब कब तक महफूज रहती है, क्योंकि यह सड़क कई दर्जनों से अधिक गांवों को जोड़ती है, सड़क पर कार्य होने से पहले सड़क का हुलिया बिगड़ चुका था, जहां पर वाहन चालकों एवं आमजन मानस को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था इस रोड के द्वारा, सड़क में गड्ढे गड्ढे में सड़क हालत काफी गंभीर थे, मगर समाचार प्रकाशित होने के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क को सही कराया जा रहा है, जहां पर लगातार कार्य चल रहा है।

### बुरे विचार वाले को केवल बुराई ही दिखती है: सिंह

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता एसएन सिंह ने मंगलवार को यहाँ समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बुरे विचार वाले लोगों को केवल बुराई ही दिखती है। श्री सिंह ने श्री अखिलेश यादव के उस बयान कि भगवा पहनने से कोई योगी नहीं होता तथा महाकुम्भ में अव्यवस्था की जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री योगी जिम्मेदार हैं पर पलटवार करते हुए 'यूनीवार्ता' से कहा कि श्री यादव को ऐसा रोग हो गया है कि साधु सन्यासी उनको चिलम जीवी दिखते हैं। उनको काशी और अयोध्या बुरा दिखने लगा। उन्होंने कहा कि उनको ऐसा रोग हो गया है कि हिन्दू उनको 'आतंकवादी' दिखते हैं। उन्होंने श्री सादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे हमेशा सनातन का विरोध करते हैं। वे अपने सामने राम चरित मानस की पुस्तकों को जलवाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आज वे जिस धर्म में पैदा हुए हैं उनको उस धर्म में भी बुराई ही नजर आती है।

# डीएम व एसपी ने किया ब्रजघाट एवं प्राचीन शिवालयों का निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** महाशिवरात्रि 2025 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह लगातार ताबड़तोड़ निरीक्षण कर रहे हैं, जहां पर मंगलवार को दोनों अधिकारी पहुंचे तीर्थ नगरी बृजघाट जहां पर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, गंगा घाट से लेकर किया बाजार का भी निरीक्षण, तो वही डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने किया गढ़मुक्तेश्वर और सिंभावली क्षेत्र के सभी प्राचीन शिवालयों का निरीक्षण, जहां पर उन्होंने कानून व्यवस्था एवं व्यवस्थाओं को परखा, बता दें कि महाशिवरात्रि पर्व के चलते लगातार शिव भक्तों का आगमन ब्रजघाट में काफी हो रहा है, व्यवस्थाओं के प्रति लगातार दोनों अधिकारी धरातल पर व्यवस्थाओं के प्रति लगातार अलर्ट है ताकि किसी भी किसी भक्त को किसी भी तरह की समस्या ना हो तो, तो उधर गढ़मुक्तेश्वर एसडीम साक्षी शर्मा, सीओ स्तुति सिंह, गढ़ कोतवाली इंचार्ज नीरज कुमार बाहरी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे, वही सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए नजर आए।

# ब्रजघाट नगर पालिका के लापरवाही पड़ी खाकी पर भारी, दौड़ी पुलिस रात्रि में

## शिव भक्तों की सेवा में बृजघाट सर्विस रोड को करते पार टॉर्च के द्वारा पुलिसकर्मी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**हापुड़।** सोमवार को रात्रि में सोशल मीडिया पर हुई गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में एक वीडियो वायरल, वायरल वीडियो ने महाशिवरात्रि पर खोल दी ब्रजघाट नगर पालिका की व्यवस्थाओं की पोल, जहां पर व्यवस्थाओं की तैयारी के लिए हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा द्वारा तैयारी को आदेशित किया गया था ना हो किसी भी तरह की लापरवाही शिव भक्तों के आगमन में, नगर पालिका को जिला अधिकारी के आदेशों की कोई प्रभा नहीं यह नजारा सारा वीडियो वायरल ने दिखा दिया, बता दे की तीर्थ नगरी बृजघाट में भारी जनपदों एवं मुरादाबाद की तरफ से भारी कांवड़िए कांवड़ उठते हैं, नगर पालिका की लापरवाही इतनी बड़ी की शिव भक्तों के आगमन पर सर्विस रोड पर कोई प्रकाश की व्यवस्था नहीं कराई गई, जहां पर सोशल मीडिया पर हुई वीडियो वायरल तो गढ़मुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह, गढ़ कोतवाली इंस्पेक्टर नीरज कुमार, ब्रजघाट चौकी इंचार्ज चंद्रकांत यादव बाहरी पुलिस बल के साथ दौड़े तीर्थ नगरी , जहां पर मोबाइल टॉर्च हाथ की टॉर्च एवं वाहनों की रोशनी के द्वारा शिव भक्तों को सड़क से पर कराया गया तथा पहले ही शिव भक्त रोड के साइड में चल रहे थे, मगर नगर पालिका की इतनी बड़ी लापरवाही के चलते शिव भक्तों के आगमन की कोई तैयारी नहीं, प्रदेश के मुखिया हो या हापुड़ जिला अधिकारी हो इन्हें किसी के आदेशों की कोई परवा नहीं, जहां पर लगातार पुलिस प्रशासन ने संभाला मोर्चा से भक्तों की सेवा में, लगातार लापरवाहीयों के घेरे में गिरती लगातार ब्रजघाट पालिका, क्योंकि पहले ही पालिका के कार्यों की पोल खुल गई और उधर शिवरात्रि का समय है, लगातार तीर्थ नगरी बृजघाट में भारी जनपदों से भारी कावरियो का आगमन हो रहा है, मगर पालिका के कर्मचारियों को कांवरियों के आगमन पर प्रकाश के व्यवस्था करना कोई उन्होंने उचित नहीं समझा, अब बड़ा सवाल खड़ा होता है कि क्या अधिकारी ब्रजघाट पालिका के कर्मचारियों पर क्या कार्रवाही कर पाते हैं यह इसी तरह से शिव भक्तों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

# सम्पादकीय

## क्या यूएसएआईडी ने अन्ना हजारे आंदोलन को धन दिया जिसके कारण यूपीए सरकार गिरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह दावा करके नई दिल्ली में खलबली मचा दी है कि भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) ने वोटर टर्नआऊट के लिए 21 मिलियन डॉलर की अमेरिकी सहायता दी थी। प्रकारान्तर से कहा गया कि उस धन का इस्तेमाल भारत के पिछले लोकसभा चुनाव 2024 को प्रभावित करने के लिए किया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश की राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के आरोप लगाये हैं। ध्यान रहे कि यूएसएआईडी एक स्वायत्त अमेरिकी सरकारी एजेंसी है, जो विदेशी नागरिक सहायता और विकास सहायता के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है। 2014 से सरकार के आलोचकों ने अक्सर दावा किया है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा अल्पसंख्यकों और निचली जाति के समुदायों के लिए खतरा हैं। यह दृष्टिकोण यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम (यूएससी आईआरएफ) की रिपोर्टों में भी दोहराया गया है, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे भाजपा नेताओं का भी उल्लेख किया गया है। यूएसएआईडी और भारत के बीच साझेदारी 1950 के दशक से चली आ रही है जब अमेरिका ने भारत के खाद्य कार्यक्रमों का समर्थन करने के लिए खाद्य सहायता प्रदान करना शुरू किया था। यह सहायता कई वर्षों तक जारी रही और आखिरकार 2012 में समाप्त हो गयी। 2021 तक यूएसएआईडी ने भारत के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) को वित्तपोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे उसे भारतीय परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डेटा तक पहुंच मिली। 2011 में, भारत के चुनाव आयोग ने चुनावों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और अपनाने के लिए यूएसएआईडी-समर्थित इंटरनेशनल फाउंडेशन फॉर इलेक्टोरल सिस्टम्स (आईएफईएस) के साथ भागीदारी की।

2014 सेयूएसएआईडी ने भारत के साथ कई पहलों में भागीदारी की है, जिसमें कैशलेस भुगतान को बढ़ावा देना और भारतीय रेलवे को शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की दिशा में काम करने में मदद करना शामिल है। 2023 मेंयूएसएआईडी ने भारत को लगभग 175.71 मिलियन डॉलर का वित्तपोषण प्रदान किया। इसमें लोकतंत्र, मानवाधिकार और शासन से संबंधित कार्यक्रमों के लिए 7.43 मिलियन डॉलर शामिल थे, जैसा कि यूएसएस्पेन्डिंग द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है। भारत में यूएसएआईडी की भूमिका-सरकार और नागरिक समाज दोनों में- पीएम मोदी को हटाने की कोशिश करने के दावों के अलावा, राजनीतिक विवाद का कारण बनी है। सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस दोनों ने एक-दूसरे पर विदेशी प्रभावों के साथ काम करने का आरोप लगाया है। दोनों दलों ने यूएसएआईडी की गतिविधियों की जांच की मांग की है। ट्रम्प के बयान के एक दिन बाद गुरुवार (20 फरवरी) को कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक श्वेत पत्र की भी मांग की। थिंक टैंक यूसेनस फाउंडेशन के सीईओ ने स्पुतनिक को बताया कि 15 भारतीय सरकारी एजंसियों, नागरिक समाज समूहों और थिंक टैंकों के साथ यूएसएआईडी के संबंधों ने भारत की खुली और लोकतांत्रिक प्रणाली पर विदेशी प्रभाव के संभावित जोखिम को उजागर किया है। सीईओ ने बताया कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के तहत पंजीकृत भारतीय संगठन विदेशी समूहों के साथ काम कर सकते हैं। हालांकि, श्हस्तक्षेपश् किसे माना जाये, यह एक जटिल और व्यापक रूप से बहस का विषय है। सीईओ ने कहा, श्हमें यह पता लगाने की जरूरत है कि मतदाताओं के मतदान को प्रभावित करने के लिए उन्होंने किन राजनेताओं, सामुदायिक नेताओं या मीडिया आउटलेट से संपर्क किया होगा। यह संभव है कि यूएसएआईडी का समर्थन प्राप्त करने वाले लोग सोशल मीडिया और आमने-सामने की बैठकों के माध्यम से भारतीय मतदाताओं तक अपना एजेंडा फैला सकते हैं। उन्होंने भारत की नौकरशाही में छिपे विदेशी प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की और बताया कि अमेरिका में परिवार वाले अधिकारियों पर दबाव या ब्लैकमेल का खतरा हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी प्रशिक्षण प्राप्त करने से वे इस तरह के प्रभाव के प्रति अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। सीईओ ने सुझाव दिया कि इस बात की थोड़ी संभावना है कि डीप स्टेट और यूएसएआईडी-2014 के चुनाव से पहले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन का समर्थन करके पिछली कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार को गिराने में शामिल थे। थिंक टैंक प्रमुख ने सुझाव दिया कि डीप स्टेट को मोदी सरकार से वह समर्थन नहीं मिला जिसकी उसे उम्मीद थी। परिणामस्वरूप, इसने अपना दृष्टिकोण बदल दिया होगा और 2019 तथा 2024 के चुनावों में भाजपा को हटाने की दिशा में काम किया होगा। हालांकि, यह दावा करने वाली रिपोर्टें कि भारत को चुनावों में मतदाता मतदान को प्रभावित करने के लिए यूएसएआईडी से 21 मिलियन डॉलर मिले, झूठी साबित हुई है। इंडियन एक्सप्रेस ने इस दावे की जांच की और पाया कि भारत को ऐसा कोई फंड नहीं दिया गया था। इसके बजाय, यूएसएआईडी की श्चुनावश् श्रेणी के तहत बांग्लादेश को कुल 23.6 मिलियन डॉलर आवंटित किये गये थे। इस तथ्य की पुष्टि इंडिया टुडे की डेटा इंटेलिजेंस यूनिट ने की, जिसने स्वतंत्र रूप से विवरणों की पुष्टि की। उनके निष्कर्षों के अनुसार, बांग्लादेश को दी गयी कुल राशि में से, 18.1 मिलियन डॉलर कंसोर्टियम फॉर इलेक्शन्स एंड पॉलिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग (साईपीपीएस) को प्रदान किये गये।

# उर्दू से सच्ची नफरत और हिंदी से प्रेम का स्वांग

राजेंद्र शर्मा

> बेशक, सपा नेता के इस तर्क पर तो बहस हो सकती है कि अंग्रेजी की जरूरत नहीं है और उसकी जगह पर उर्दू को रखा जाए, जिस पर मुख्यमंत्री योगी भड़क उठे। लेकिन, योगी का विस्फोट उर्दू को लाने के लिए अंग्रेजी को हटाए जाने के सुझाव पर उतना नहीं था, जितना उर्दू को शामिल किए जाने की मांग पर था। अगर उनकी प्रतिक्रिया के पीछे मुख्यतरू विधायी काम की भाषा के रूप में अंग्रेजी को बनाए रखने की चिंता होती, तो मुख्यमंत्री आसानी से अंग्रेजी को बनाए रखते हुए भी, उर्दू के शामिल किए जाने की मांग को मंजूर कर सकते थे। आखिरकार, विधायी कार्य के लिए मान्यता प्राप्त भाषाओं की कोई पहले तयशुदा संख्या तो है नहीं कि अंग्रेजी को हटाकर ही उर्दू को जगह दी जा सकती हो। बात इससे उल्टी थी। योगी सरकार सोच-समझकर, क्षेत्रीय भाषाओं के इस समावेश के जरिए, उर्दू की उपेक्षा करने का संदेश देना चाहती थी।

योगी आदित्यनाथ ने ऐन विधानसभा में उर्दू के खिलाफ अपनी नफरत की उल्टी से, मुस्लिमविरोधी नफरत के अपने इजहार को, एक सीढ़ी और ऊंचा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने शुरूआत तो की उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्य विपक्षी पार्टी, सपा पर यह कहकर हमला करने से कि, समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है, ये अपने बच्चों को पढ़ाएंगे इंग्लिश स्कूल में और दूसरों के बच्चों के लिए कहेंगे उर्दू पढ़ाओश। उर्दू का नाम आने भर की देर थी, वह फट पड़े कि ये तो श्उसको मौलवी बनाना चाहते हैं, कठमुल्लापन की ओर देश को ले जाना चाहते हैंश् आदि, आदि। प्रसंग था, उत्तर प्रदेश में विधायिका की कार्रवाई में कई क्षेत्रीय भाषाओं के शामिल किए जाने के योगी सरकार के फैसले का। जैसा कि इस सरकार के रुख को देखते हुए आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता था, विधायिका की कार्रवाई में शामिल किए जाने का यह फैसला, उर्दू को छेककर चलता है। स्वाभाविक रूप से जैसाकि अपेक्षित था, विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता, समाजवादी पार्टी के माता प्रसाद पांडेय ने उर्दू के साथ इस सौतेले सुलूक पर विरोध जताया। उनका सुझाव था कि सदन में आधिकारिक रूप से मान्यताप्राप्त भाषाओं में अंग्रेजी की जगह उर्दू को कर दिया जाए। उर्दू उत्तर प्रदेश की दूसरी राजकीय भाषा भी है।

बेशक, सपा नेता के इस तर्क पर तो बहस हो सकती है कि अंग्रेजी की जरूरत नहीं है और उसकी जगह पर उर्दू को रखा जाए, जिस पर मुख्यमंत्री योगी भड़क उठे। लेकिन, योगी का विस्फोट उर्दू को लाने के लिए अंग्रेजी को हटाए जाने के सुझाव पर उतना नहीं था, जितना उर्दू को शामिल किए जाने की मांग पर था। अगर उनकी प्रतिक्रिया के पीछे मुख्यतरू विधायी काम की भाषा के रूप में अंग्रेजी को बनाए रखने की चिंता होती, तो मुख्यमंत्री आसानी से अंग्रेजी को बनाए रखते हुए भी, उर्दू के शामिल किए जाने की मांग को मंजूर कर सकते थे। आखिरकार, विधायी कार्य के लिए मान्यता प्राप्त भाषाओं की कोई पहले तयशुदा संख्या तो है नहीं कि अंग्रेजी को हटाकर ही उर्दू को जगह दी जा सकती हो। बात इससे उल्टी थी। योगी सरकार सोच-समझकर, क्षेत्रीय भाषाओं के इस समावेश के जरिए, उर्दू की उपेक्षा करने का संदेश देना चाहती थी और इसीलिए, मुख्यमंत्री ने सीधे उर्दू भाषा और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक उपयोगिता पर ही हमला बोल दिया। योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह उर्दू की पढ़ाई-लिखाई को मौलवी बनाने तक सीमित करने की ही कोशिश नहीं की है बल्कि श्कठमुल्लापन की ओर देश को ले जाना चाहते हैं की दिशा में अपने हमले को आगे भी बढ़ाया है, उसमें नया कुछ भी नहीं है। उत्तर प्रदेश की भाषा की राजनीति में भाजपा और उसके पूर्ववर्ती जनसंघ, हमेशा से उर्दू का इसके बावजूद विरोध करते आए हैं उर्दू, इसी प्रदेश में जन्मी यानी सिर्फएक भारतीय भाषा ही नहीं है बल्कि उत्तर प्रदेश की भी अपनी भाषा है। आरएसएस-भाजपा की सांप्रदायिक भाषायी राजनीति, ब्रिटिश हुकूमत के जमाने से उर्दू को एक ओर तो मुसलमानों तक सीमित करने की कोशिश करती आयी है और दूसरी ओर, उसे शिक्षा-संस्कृति के विकास के लिए अनुपयोगी करार देकर, खत्म ही करने की कोशिश करती आयी है। यह एक प्रकार से वैसा ही तर्क है, जिस तरह का तर्क बाबरी मस्जिद को ढहाने के लिए ठीक इन्हीं ताकतों द्वारा प्रचारित किया गया थाकृवह तो मस्जिद थी ही नहीं, इसलिए उसे ढहाया जा सकता था। उसी तरह, उर्दू की कोई सामाजिक-सांस्कृतिक उपयोगिता ही नहीं है, इसलिए



उसे उपेक्षा के जरिए मारने में कुछ भी अनुचित नहीं है। योगी आदित्यनाथ का उर्दू को मौलवी बनने और कठमुल्लापन बढ़ाने का समानार्थी बना देना, ठीक इसी प्रयास का हिस्सा है। स्वाभाविक रूप से नेता प्रतिपक्ष, माता प्रसाद पांडे ने मुख्यमंत्री के विस्फोट पर आपत्ति की। खबरों के अनुसार उन्होंने कहा कि, श्मुख्यमंत्री ने कहा है कि उर्दू कठमुल्ला पैदा करती है। मैं इस शब्द पर आपत्ति करता हूं और पूछना चाहता हूं कि क्या उर्दू के बड़े शायर, फिराक गोरखपुरी भी कठमुल्ला थे या उर्दू का ज्ञान रखने वाले प्रख्यात उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद भी कठमुल्ला थे? या विश्वविद्यालय में जो उर्दू विभाग खोला गया है, वहां पढ़ने वाले भी कठमुल्ला हैं क्या? लेकिन, इन तर्कों का मुख्यमंत्री योगी पर कोई असर पड़ा नहीं लगता है। इसकी सीधी सी वजह यह है कि योगी का रुख किसी नासमझी या सचाइयों की नाजानकारी का नतीजा नहीं है। वह तो सोच-समझकर, अपनी नफरत की राजनीति के हिस्से के तौर पर अपनाया गया रुख है। इसीलिए, उन्हें उर्दू के नाम से सिर्फमौलवी बनना और देश को कठमुल्ला बनाना दिखाई देता है। यह दूसरी बात है कि यह सबसे ज्यादा तो खुद योगी की शिक्षा पर ही लागू होता है, जबकि उनकी शिक्षा कम से कम उर्दू में तो नहीं ही हुई होगी। संघ-भाजपा की सांप्रदायिक भाषायी राजनीति की जड़ में ही, बहिष्करण या एक्सक्लूजन है, जो भाषाओं के स्वाभाविक व्यवहार में निहित समावेशन के खिलाफजाता है। इसीलिए, वे अंग्रेजी राज द्वारा खड़े किए गए हिंदी और उर्दू के एक झूठे द्वैध या बाइनरी के न सिर्फयोग्य उत्तराधिकारी बने रहे हैं बल्कि उन्होंने उसे और आगे बढ़ाया है, जहां हिंदी के हित के नाम पर, उर्दू का गला घोंटने की राजनीति की जाती है, जिसका सबूत आदित्यनाथ का रुख है। लेकिन, कथित राष्ट्रीय भाषा को छोड़कर अन्य भाषाओं और वास्तव में भाषा-संस्कृतियों का इस तरह श्पराया्य किया जाना, उर्दू के मामले में सांप्रदायिक आग्रहों के चलते सबसे उग्र भले हो, लेकिन उसी तक सीमित नहीं है। वास्तव में, कम या ज्यादा, हिंदी को छोड़कर सभी भारतीय भाषाओं के साथ, इस सांप्रदायिक भाषायी राजनीति का व्यवहार में यही सलूक है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि ठीक उसी समय, जब योगी आदित्यनाथ, उर्दू पर उसे कठमुल्लापन की भाषा करार देते हुए हमला बोल रहे थे, तभी मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान ने दक्षिण में तमिलनाडु की सरकार के खिलाफ कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे जुड़े कई निर्णयों को थोपने के लिए, बाकायदा युद्ध छेड़ रखा था। इस युद्ध में केंद्र का मुख्य हथियार है, राज्य सरकार को बदनाम करने वाले प्रचार के अलावा, शिक्षा के लिए केंद्रीय फंड रोकने की उसकी धमकी। राज्य पर त्रिभाषा फार्मूला थोपा जाना, इस युद्ध के मुख्य लक्ष्यों में से एक है। हैरानी की बात नहीं है कि तमिलनाडु की सरकार और आम तौर पर दक्षिण भारत का बड़ा हिस्सा, आज की परिस्थितियों में इन भाषायी फार्मूलों को हिंदी थोपने की कोशिशों के तौर पर ही देखता है। वे उचित ही यह सवाल भी उठाते हैं कि कथित त्रिभाषा फार्मूले में देश के विशाल हिंदीभाषी क्षेत्र में व्यवहार में क्या सचमुच कहीं भी हिंदी और अंग्रेजी के अलावा किसी तीसरी भाषा पर अमल हो रहा है। सभी जानते हैं कि किस तरह हिंदी-उर्दू भाषी क्षेत्र के बड़े हिस्से में, तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत के चयन के नाम पर, इसे व्यवहार में दो-भाषा फार्मूला बनाकर ही लागू किया जा रहा है।

# कला की कसक

कला के संरक्षण के लिये नीति-नियंताओं से संवेदनशील व्यवहार की उम्मीद की जाती है। बहुत संभव है कि यह संरक्षण दैनिक जीवन में किसी तरह की विसंगति पैदा करे, लेकिन भावी पीढ़ियों को अतीत के कला सौंदर्य से रूबरू कराना हर समाज का दायित्व होता है। कला संरक्षण की प्रासंगिकता का प्रश्न पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के उस निर्देश के बाद फिर सामने उत्पन्न हुआ है, जिसमें सड़क को चौड़ा करने तथा पार्किंग के विस्तार के लिये रॉक गार्डन की दीवार के एक हिस्से को ध्वस्त करने का निर्देश दिया गया है। यह प्रकरण विरासत के संरक्षण और बुनियादी ढांचे के विस्तार के बीच संतुलन को लेकर गंभीर चिंता उत्पन्न करता है। निस्संदेह, केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों द्वारा क्रियान्वित निर्णय न केवल रॉक गार्डन के निर्माता नेक चंद की कलात्मक विरासत के एक हिस्से को मिटा देता है, बल्कि एक परेशान करने वाली मिसाल भी स्थापित करता है। जो बताता है कि कि नया भारत विकास के नाम पर अपनी सांस्कृतिक व वन विरासत के साथ कैसा व्यवहार करता है। निस्संदेह, इस तथ्य को लेकर दो राय नहीं हो सकती है कि रॉक गार्डन ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को एक विशिष्ट पहचान दी है। नेकचंद की इस विरासत ने दुनिया को बेकार और अनुपयोगी चीजों को नया स्वरूप देने की एक नई दृष्टि प्रदान की है। दशकों से रॉक गार्डन रचनात्मक मानवीय कला दृष्टि के प्रमाण के रूप में खड़ा है कि कैसे सकारात्मक सोच के साथ कचरे को आश्चर्यजनक कृति में तब्दील किया जा सकता है। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि नेकचंद की इस अद्भुत कला से प्रेरित होकर देश-दुनिया के विभिन्न भागों में रॉक गार्डन की प्रतिकृति बनाने की भी प्रेरणा भी मिली। नेकचंद के जाने के बाद भी रॉक गार्डन कलात्मकता के एक जीवंत प्रमाण के रूप में विद्यमान है। ऐसे में समाज व प्रशासन का नैतिक दायित्व बनता है कि इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण किया जाए। यही वजह है कि सिटी ब्यूटीफुल के तमाम जिम्मेदार, सजग व संभ्रांत लोग अपनी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिये आगे आए हैं। यह विडंबना कही जाएगी हम अपनी समृद्ध और कलात्मक विरासत के एक हिस्से को सड़क निर्माण और प्रदूषण बढ़ाने वाले वाहनों के उपयोग के लिये बनायी जा रही पार्किंग के लिये खो देंगे। यह भी तर्क दिया जा रहा है कि ध्वस्त की गई दीवार रॉक गार्डन में नेक चंद द्वारा बनायी गई मूल संरचना का हिस्सा नहीं थी। दीवार को ध्वस्त करने पर बचाव के लिये दिए जाने वाले तर्क तर्कशीलता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। यदि यह तर्क स्वीकार भी कर लिया जाता है तो भविष्य में इस दलील के आधार पर इसके अन्य हिस्सों के अस्तित्व पर संकट मंडरा सकता है। निस्संदेह, किसी संरचना या सांस्कृतिक प्रतीक के महत्व को उसके ढांचे के रूप में नहीं बल्कि उसके साथ लोगों के सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव के रूप में देखा जाना चाहिए। वास्तव में इस दीवार को तोड़ने के लिये दी जा रही दलीलों की तार्किकता कई स्तरों पर त्रुटिपूर्ण ही है। सबसे पहले, उच्च न्यायालय परिसर के आसपास यातायात की जो भीड़ उत्पन्न होती है, वह खराब प्रबंधन की देन है। इसमें रॉक गार्डन की संरचना की उपस्थिति की कोई भूमिका नहीं है। सही मायनों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन और शटल सेवाओं जैसे टिकाऊ विकल्पों की अनदेखी की गई है। इसके साथ उच्च न्यायालय द्वारा केस सूचियों के व्यवस्थित पुनर्गठन से भी यातायात संबंधी चिंताओं को दूर करते हुए अदालत परिसर में दैनिक उपस्थिति को कम किया जा सकता है। वहीं दूसरी ओर प्रशासन द्वारा दीवार को दूसरी जगह बनवाने और फिर पेड़ लगाने का वायदा पारिस्थितिकीय तंत्र के अपरिवर्तनीय नुकसान की भरपाई नहीं करता है। चंडीगढ़ की प्रसिद्ध पेड़ों की विरासत पहले ही अपनी आभा खोती जा रही है। ऐसे में सदियों पुराने पेड़ों को हटाना इसके पारिस्थितिकीय संतुलन के मद्देनजर एक आत्मघाती कदम ही हो सकता है। निस्संदेह, अदालतों को न्याय का संरक्षक माना जाता है। यदि वे सार्वजनिक विरासत और पर्यावरण की रक्षा नहीं करेंगी तो कौन करेगा? प्रगति के नाम पर अतार्किक नियोजन घातक साबित हो सकता है।

# मोटापे के खिलाफमोदी का अभियान

> इसके लिये पीएम ने तेल की खपत 10 प्रतिशत घटाने का आग्रह देशवासियों से तो किया ही, दस नामी-गिरामी हस्तियों को इस अभियान से जोड़ा जो मोटापे को समाप्त करने की श्रृंखला के प्रारम्भिक व्यक्ति होंगे। जिस प्रकार से व्यायाम का नाम लेने मात्र से, साल में एक बार योग दिवस मना लेने अथवा जिम की सदस्यता लेने मात्र से कोई स्वस्थ और छरहरा नहीं हो जाता, वैसे ही मोटापे की बीमारी का जिक्र करने मात्र से किसी का वजन घट जाने वाला नहीं है, लेकिन मोदी की यह फितरत हैय और उनकी गलतफहमी भी कि उनके उल्लेख करने मात्र से किसी समस्या का निदान हो जायेगा तथा लोग उनके रेडियो कार्यक्रम के पूरा होते ही वजन घटाने में लग जायेंगे। अगर ऐसा होता तो आज कम से कम पूरा भारत रोजाना नियमित तौर पर योगाभ्यास करता हुआ।

दिल्ली में चुनाव प्रचार के आखिरी सप्ताह में बाजी पलटने के संकेतब्रिक्स मुद्रा का सपना और डॉलर विरोधी अभियान ट्रम्प की नयी चिंता एक स्वस्थ देश के निर्माण की राह में नागरिकों का मोटापा किस कदर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चिंतित कर रहा है, उसकी बानगी आकाशवाणी पर हर माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले उनके कार्यक्रम श्मन की बातश् की ताजा कड़ी में देखने को मिली। मोदी ने बताया कि विश्व भर के 250 करोड़ लोग मोटापे से जूझ रहे हैं और भारत में हर आठवां नागरिक मोटे लोगों की श्रेणी में आता है। यह समस्या बच्चों में भी बढ़ रही है और हाल के वर्षों में मोटापे की बीमारी चार गुना बढ़ गयी है। मोटापे के कारण हृदय रोग, तनाव, मधुमेह जैसी होने वाली कई बीमारियों का उल्लेख करते हुए मोदी ने लोगों को आगाह किया और इनसे बचने की सलाह दी।

इसके लिये पीएम ने तेल की खपत 10 प्रतिशत घटाने का आग्रह देशवासियों से तो किया ही, दस नामी-गिरामी हस्तियों को इस अभियान से जोड़ा जो मोटापे को समाप्त करने की श्रृंखला के प्रारम्भिक व्यक्ति होंगे। जिस प्रकार से व्यायाम का नाम लेने मात्र से, साल में एक बार योग दिवस मना लेने अथवा जिम की सदस्यता लेने मात्र से कोई स्वस्थ और छरहरा नहीं हो जाता, वैसे ही मोटापे की बीमारी का जिक्र करने मात्र से किसी का वजन घट जाने वाला नहीं है, लेकिन मोदी की यह फितरत हैय और उनकी गलतफहमी भी कि उनके उल्लेख करने मात्र से किसी समस्या का निदान हो जायेगा तथा लोग उनके रेडियो कार्यक्रम के पूरा होते ही वजन घटाने में लग जायेंगे। अगर ऐसा होता तो आज कम से कम पूरा




भारत रोजाना नियमित तौर पर योगाभ्यास करता हुआ दिखता जिसकी शुरुआत स्वयं मोदीजी के प्रयासों से हुई थी। उन्हीं के आग्रह से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को निर्धारित किया था। हर वर्ष योग दिवस के अवसर पर जिस प्रकार से कार्यक्रम होते हैं, उससे साफ दिखता है कि एक दशक की इस कथित योग यात्रा के बाद भी ज्यादातर भारतीय योगासनों से अपरिचित हैं और उन्हें करने के नितांत नाकाबिल। विशेषकर, इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले नेता, मंत्री, अधिकारी, उद्योगपति, व्यवसायी आदि जो शोशेबाजी के चलते योग के कार्यक्रमों में शामिल तो हो जाते हैं लेकिन उनके थोड़ा सा हाथ-पांव हिलाते ही पता चल जाता है कि यह उनकी दिनचर्या का हिस्सा नहीं है। इसमें कोई शक नहीं कि मोटापा एक वैश्विक समस्या है और भारतीयों में भी इससे प्रभावितों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। ऐसा भी नहीं कि मोदी ने कोई गलत विषय उठाया हो। यहां सिर्फध्यान में लाया जाना जरूरी है कि इवेंट बनाने से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो जाता। यदि मोटापे को खत्म करने के प्रति प्रधानमंत्री वाकई बहुत गम्भीर हैं तो उन्हें इसे लेकर विशेषज्ञों तथा चिकित्सा वैज्ञानिकों से पहले बात कर एक ठोस योजना लानी चाहिये। यह कम से कम रेडियो कार्यक्रम का हिस्सा तो नहीं हो सकता क्योंकि इस प्रसारण को लोग अब राजनीतिक नजरिये से देखने लगे हैं। जिस प्रकार से इसे सुनने के लिये उनकी भारतीय जनता पार्टी व सरकारें श्रवण कार्यक्रम आयोजित करती हैं तथा बाद में उसका प्रकाशन व प्रसारण एक सुनियोजित तरीके से मोदी की छवि निखारने के लिये होता है, उससे लोगों के मन में वितृष्णा सी हो गयी है। तमाम विषयों पर किसी विशेषज्ञ सी राय देने वाले मोदी के ये प्रवचननुमा उद्बोधन लोगों पर कोई असर नहीं डालते। यदि इन रेडियो कार्यक्रमों में इतना ही दम होता तो आज भारत की सारी समस्याओं को रेडियो प्रसारणों के जरिये उखाड़ कर फेंका जा चुका होता। बहरहाल, मोटापे का सम्बन्ध केवल तेल का प्रयोग नहीं वरन जीवन शैली से और आनुवांशिकी दोष से भी है। बेशक, तेल भी एक कारण है लेकिन समस्या केवल 10 प्रतिशत मात्रा घटाने से समाप्त नहीं होगी। पहली बात तो है लोगों के जीवन स्तर को सुधारना जिसके अंतर्गत खान-पान की गुणवत्ता सुधारनी प्राथमिक जरूरत है। विशेषज्ञों के अनुसार एक ही तरह का तेल लम्बे समय तक इस्तेमाल में लाना गलत है। मात्रा घटाने के साथ ही अलग-अलग तरह के तेलों का इस्तेमाल होना आदर्श माना जाता है लेकिन जिस देश में 85 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देना राष्ट्रीय गर्व का विषय हो तथा उसका उल्लेख एक महान उपलब्धि के रूप में होता हो, वहां इन लोगों के पास खान-पान सम्बन्धी कितने विकल्प हो सकते हैं, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। खुद मोदी के आने के बाद सभी तरह के खाद्य पदार्थों की कीमत बेतरह बढ़ी है जिनमें तेल भी शामिल है। आज एक आम भारतीय को सबसे सस्ता तेल खरीदना पड़ता है, यह जानते हुए भी कि उसमें मिलावट है। घटिया और महंगा सामान बनाने का लाइसेंस आज उद्योगपतियों व व्यवसायियों को भाजपा के पक्ष में इलेक्टोरल बॉन्ड्स खरीदकर या चंदा देकर मिल ही चुका है। अच्छे खान-पान का सम्बन्ध लोगों की आय से भी है। जब तक लोगों के पास आय के अच्छे व स्थायी स्रोत न होंगे, भोजन सम्बन्धी ये प्रयोग लोगों तक न तो पहुंचेंगे।



# रिकी पोंटिंग ने कहा-मैंने विराट कोहली से बेहतर वनडे खिलाड़ी नहीं देखा

एजेंसी

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में विराट कोहली से बेहतर कोई खिलाड़ी नहीं देखा है और उम्मीद जताई कि यह स्टार बल्लेबाज वनडे में हमवतन सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक रन के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहेगा। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रविवार को यहां नाबाद 100 रन बनाए जो उनके वनडे करियर का 51वां शतक है। कोहली की इस शानदार पारी से भारत ने यह मैच छह विकेट से जीता। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि मैंने 50 ओवर के प्रारूप में विराट कोहली से बेहतर खिलाड़ी देखा है। अब जबकि वह (सर्वाधिक रन बनाने के मामले में) मुझसे आगे निकल गए हैं और अब केवल दो बल्लेबाज ही उनसे आगे हैं तो मुझे पूरा यकीन है कि वह इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज के रूप में याद किए जाने के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ मौका देंगे। कोहली ने अपने शतक के दौरान वनडे क्रिकेट में 14000 रन भी पूरे किए। वह तेंदुलकर और श्रीलंका के कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली (14085 रन) अभी भी तेंदुलकर (18426) से 4341 रन पीछे हैं और 36 साल की उम्र में उनके पास इस मुकाम पर पहुंचने के लिए बहुत सीमित समय है लेकिन पोंटिंग को नहीं लगता कि कोहली के लिए यह असंभव काम है। पोंटिंग ने कहा, ''निश्चित तौर पर शारीरिक रूप से वह पहले की तरह फिट हैं और अपने खेल के इस पहलू पर असाधारण रूप से कड़ी मेहनत करते हैं। जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो हैरानी होती है। विराट पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद अब भी तेंदुलकर से 4000 रन पीछे हैं।'' उन्होंने कहा, ''इससे न सिर्फ यह पता चलता है कि सचिन कितने अच्छे बल्लेबाज थे बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि वह कितने लंबे समय तक इस खेल को खेलते रहे। लेकिन विराट जैसे खिलाड़ी को आप कभी चुका हुआ नहीं मान सकते हैं। अगर उनमें अब भी रन बनाने की भूख है तो मैं कभी यह नहीं कहूंगा कि वह तेंदुलकर का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सकते हैं।



## मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल, बोलीं-छोटे-छोटे बदलाव बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की। तीस वर्षीय पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई ने 'एक्स' पर लिखा, मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा नामित किए जाने पर बहुत खुशी है। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसे सही जीवनशैली का विकल्प चुनकर और सक्रिय, स्वस्थ और फिट रहने का विकल्प चुनकर समाप्त किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हमें भारत के इस दिशा में आगे बढ़ने और हमारी विकास यात्रा का समर्थन करने की जरूरत है। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से देश में बड़े बदलाव हो सकते हैं और भारत को फिट बनाने के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है। इस पहल के हिस्से के रूप में चानू ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को नामित किया जिनमें मौजूदा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, निशानेबाजी के दिग्गज गगन नारंग, पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, पुरुष हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, पेरिस खेलों के पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह, टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और पैरालंपिक निशानेबाजी चैंपियन अवनी लेखरा शामिल हैं।



## संक्षिप्त सामाचार

### महाराष्ट्र में एनएसएमएनवाई योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि में वृद्धि

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना (एनएसएमएनवाई) के तहत किसानों को दी जाने वाली राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में एक कार्यक्रम में यह घोषणा की।उन्होंने कहा कि किसानों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों को केंद्र की पीएम-किसान योजना के तहत सालाना छह हजार रुपये और राज्य की एनएसएमएनवाई के तहत तीन किस्तों में इतनी ही राशि मिलती है। इस योजना के तहत सालाना नौ हजार रुपये की राशि तीन बराबर किस्तों में हस्तांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम-किसान योजना के पात्र किसान नमो शेतकारी महासम्मान निधि योजना के लाभ के पात्र होंगे। विवरण के अनुसार, पीएम-किसान के तहत पात्र किसान परिवारों को प्रति किस्त दो हजार रुपये का लाभ मिलेगा, जबकि पीएम-किसान में लाभान्वित लाभार्थियों को एनएसएमएनवाई का लाभ मिलेगा, और लाभार्थियों को केन्द्र सरकार की ओर से प्रदान की गई सूची से लाभान्वित किया जाएगा।

### नाइजीरियाई फुटबॉलर लावल की युगांडा में सड़क दुर्घटना में मौत

**कंपाला।** युगांडा प्रीमियर लीग में वाइपर स्पोर्ट्स क्लब के नाइजीरियाई फारवर्ड अबुबकर लावल की युगांडा में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। 29 वर्षीय लावल युगांडा के मध्य क्षेत्र के एंटेबे में सेंट मैरी स्टेडियम में क्लब के प्रशिक्षण मैदान की ओर जा रहे थे कि एंटेबे रोड पर एक दुर्घटना में उनकी जान चली गई। वाइपर एससी के संचार प्रमुख अब्दुल वासिके ने सोमवार को इस खबर की पुष्टि की है। वासिके ने कहा, यह एक दुखद दिन है क्योंकि हमें हमारे खिलाड़ी लावल की मौत की सूचना मिली है। हम अभी भी दुर्घटना के बारे में अधिक जानकारी इकट्ठा करने की कोशिश कर रहे हैं। नाइजीरियाई फॉरवर्ड ने एससी वाइपर के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 2022 में रवांडा प्रीमियर लीग की ओर से एएस किगाली से क्लब में शामिल हुए थे। इससे पहले वह नाइजीरियाई प्रीमियर लीग में कानो पिलर्स एफसी, विकी टूरिस्ट्स एफसी और एफसी नसारावा के साथ खेल चुके थे।

### भारत -ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते की बातचीत फिर शुरू

**नयी दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए सोमवार को बातचीत फिर शुरू की। यह घोषणा दिल्ली में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार तथा व्यापार विभाग के राज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स की बैठक के बाद जारी एक बयान में की गई। यह शुरुआत दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के स्तर पर हुई उपरोक्त चर्चाओं का परिणाम है। वाणिज्य मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर ने नवंबर 2024 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की और शीघ्र ही व्यापार वार्ता फिर से शुरू करने के महत्व को रेखांकित किया था। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत फिर से शुरू कर दी है। घोषणा में कहा गया है कि भारत और ब्रिटेन घनिष्ठ साझेदार हैं, जो सुरक्षा और रक्षा, नई और उभरती हुई प्रौद्योगिकियों, जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार, हरित वित्त और लोगों के बीच संपर्क पर सहयोग पर आधारित है। इस रिश्ते के केंद्र में आर्थिक विकास और सतत विकास प्रदान करने की सामूहिक आकांक्षा है।

## ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में बारिश के कारण टॉस में देरी

एजेंसी

**रावलपिंडी।** रावलपिंडी में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के सातवें मैच के टॉस में बारिश के कारण देरी हो गई है। टॉस का निर्धारित समय लगातार हो रही बूंदाबांदी के कारण प्रभावित हुआ। पिच पर कवर मजबूती से लगे रहे। स्टेडियम पर काले बादल मंडरा रहे हैं और देरी बढ़ने की संभावना है। जब बूंदाबांदी कुछ देर के लिए रुकी तो मुख्य कवर को कुछ देर के लिए हटा दिया गया, लेकिन फिर बारिश होने लगी। ग्राउंड स्टाफ, सुपर सॉपर्स की सहायता से मैदान को सर्वोत्तम स्थिति में रखने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन खेल शुरू होने के लिए बारिश कम होनी चाहिए। चिंताओं को बढ़ाते हुए, हवा की स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जिससे शीघ्र निकासी की उम्मीद कम है। भारतीय समयानुसार 14.32 बजे तक, पिच और आसपास का मैदान ढका हुआ था और अधिकारी मौसम की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे थे।ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों के पास मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप है, जिससे उच्च स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीदें बढ़ गई हैं। इन दोनों टीमों के बीच मुकाबलों ने हमेशा उत्साह पैदा किया है, 2023 एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी सबसे हालिया भिड़ंत रोमांचक रही थी जिसमें दक्षिण अफ्रीका केवल 212 रन ही बना सका, लेकिन उनके गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के लिए लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया।

## सेबेस्टियन बेज ने जीता रियो ओपन का खिताब

रियो डी जेनेरियो। अर्जेंटीना के टेनिस खिलाड़ी सेबेस्टियन बेज ने फाइनल मुकाबले में फ्रांस के एलेक्जेंडर मुलर हराकर रियो ओपन का अपना खिताब को बरकरार रखा। जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले पर रविवार को एक घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में सेबेस्टियन बेज ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-2, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार रियो ओपन का खिताब अपने नाम किया। यह उनका सातवां एटीपी टूर खिताब है। मैच के बाद बेंज ने कहा, मेरा यह पूरा सप्ताह बहुत अच्छा रहा। मैं अपने द्वारा खेले गए हर मैच से बहुत खुश हूं।

## ब्रायडन कार्स की जगह रेहान अहमद इंग्लैंड टीम में

एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति ने ब्रायडन कार्स के प्रतिस्थापन के रूप में रेहान अहमद के नाम की इंग्लैंड को मंजूरी दे दी है। पैर की अंगुली में चोट के कारण कार्से के बाहर होने के बाद छह एक दिवसीय मैच खेलने वाले अहमद को प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था। किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट), सारा एडगर (आईसीसी वरिष्ठ प्रबंधक - इवेंट्स), उस्मान वाहला (पीसीबी निदेशक - अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट संचालन), शॉन पोलक (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं। टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद इंग्लैंड इस समय ग्रुप बी में मुश्किल स्थिति में है।



**इंग्लैंड टीम: जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, टॉम बैंटन, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड, रेहान अहमद।**

## टेक्समैको रेल और नेवोमो का हाई-स्पीड रेल और प्रिडिक्टिव ट्रैक रखरखाव के लिए करार

एजेंसी



**कोलकाता।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने रेलवे बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, हाई-स्पीड रेल प्रणाली, एआई संचालित प्रेडिक्टिव डायग्नोस्टिक्स, स्वायत्त वैगनों और चालक रहित मालगाड़ियों के क्षेत्र में नवाचार के लिए पोलिश प्रौद्योगिकी कंपनी नेवोमो के साथ एक रणनीतिक साझेदारी के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड के उपाध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक इंद्रजीत मुखर्जी ने मंगलवार को इस अवसर पर कहा, नेवोमो के साथ हमारा सहयोग रेलवे तकनीक में नवाचार और वैश्विक नेतृत्व के लिए टेक्समैको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह साझेदारी भारत के रेलवे क्षेत्र में बदलाव लाएगी, जिससे इसे अधिक स्मार्ट, तेज और टिकाऊ बनाया जाएगा। नेवोमो की अत्याधुनिक मैग्रेल तकनीक और रैखिक प्रणोदन प्रणाली के साथ टेक्समैको की मजबूत विनिर्माण क्षमताओं का संयोजन रेलवे दक्षता, क्षमता और आधुनिकीकरण को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। इस साझेदारी में हाई-स्पीड रेल और स्वायत्त मालगाड़ियों के विकास पर जोर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-संचालित प्रेडिक्टिव डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से ट्रैक और ट्रेन रखरखाव में सुधार, मैग्रेल तकनीक के माध्यम से मौजूदा रेल और बंदरगाह प्रणाली का आधुनिकीकरण और लॉजिस्टिक्स हब, खदानों और औद्योगिक रेलवे सेटअप में दक्षता सुधार किया जाना शामिल है। नेवोमो के मुख्य व्यवसाय और पूंजी कार्यक्रम अधिकारी हरज धालीवाल ने कहा, हम भारत में मैग्रेल तकनीक लाने के लिए टेक्समैको के साथ साझेदारी कर रोमांचित हैं। यह सहयोग भारतीय रेलवे और बंदरगाह की आधारभूत संरचना के आधुनिकीकरण के साथ-साथ भारत-मध्य पूर्व-पूर्वी यूरोप आर्थिक गलियारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# अडानी समूह असम में करेगा 50 हजार करोड़ का निवेश: गौतम अडानी

एजेंसी

**गुवाहाटी।** अडानी समूह ने असम में 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करने की मंगलवार को यहां घोषणा की जो हवाई अड्डों, एयरोसिटीज, सिटी गैस वितरण, ट्रांसमिशन, सीमेंट और सड़क परियोजनाओं में होगा।

समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने 'एडवांटेज असम 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025' में यह घोषणा करते हुये कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा किये गये जा रहे विकास कार्यों से वह प्रभावित हैं और इसका हिस्सा बनने के लिए उनका समूह उत्सुक है। उन्होंने कहा इसलिए, मुझे आज बहुत गर्व के साथ घोषणा करनी है कि अडानी समूह असम में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा निवेश हवाई अड्डों, एयरोसिटीज, सिटी गैस वितरण, ट्रांसमिशन, सीमेंट और सड़क परियोजनाओं में फैला होगा। असम महानता के मार्ग पर है।और



अडानी समूह में, हम आपके साथ इस मार्ग पर चलने के लिए गौरवान्वित हैं। यह हमारी प्रतिबद्धता है। यह हमारा दृष्टिकोण है और यही वादा हम आज आपसे, असम से और उस भविष्य से करते हैं जिसे हम मिलकर बनाएंगे। श्री अडानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में कहा आज एडवांटेज असम 2.0 में आपके सामने खड़ा होना सौभाग्य की बात है। जब भी मैं माँ कामाख्या की इस पवित्र भूमि पर कदम रखता हूँ, तो मैं इसकी प्राकृतिक और असीम सुंदरता से मंत्रमुग्ध हो जाता हूँ। चूँकि महान नदी ब्रह्मपुत्र इस राज्य के परिदृश्य को अपना रास्ता बनाने के लिए नया रूप देती है, इसलिए मैं यह अवश्य कहूँगा कि यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ही हैं जिन्होंने असम के लिए संभावनाओं के परिदृश्य को नया रूप दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एक मास्टर बुनकर की तरह राष्ट्र के ताने-बाने में सात बहन राज्यों को मिलाने वाले पहले नेता हैं। श्री मोदी की एक्ट ईस्ट नीति और कनेक्टिविटी तथा बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के कार्यक्रम केवल पहल नहीं हैं। वे पूरे क्षेत्र के लिए आशा के स्मारक हैं। प्रधानमंत्री ने न केवल असम और उसके बहन राज्यों को भारत की विकास कहानी में एकीकृत किया है, बल्कि उन्हें देश के भविष्य के लिए उत्प्रेरक बनाने के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त किया है। श्री अडानी ने कहा कल, मैं भोपाल में मध्य प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में आपकी बात सुन रहा था। और आज, जब मैं एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन में खड़ा हूँ, तो मैं यह सोचने से खुद को नहीं रोक पा रहा हूँ कि यह सब 2003 में रिसर्जेंट गुजरात के साथ शुरू हुआ था - आपका विजन जो प्रतिष्ठित वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में विकसित हुआ। जो एक चिंगारी के रूप में शुरू हुआ था, उसने अब एक राष्ट्रीय आंदोलन को प्रज्वलित किया है, जिसने हर राज्य को निवेश-संचालित आर्थिक परिवर्तन की शक्ति को अपनाने के लिए प्रेरित किया है।

## मारुति ने खरखौदा में शुरू की नई उत्पादन इकाई, क्षमता 2.50 लाख यूनिट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने हरियाणा के खरखौदा में अपनी नई विनिर्माण इकाई का पहला चरण शुरू कर दिया है, जिसकी सालाना उत्पादन क्षमता 2.50 लाख यूनिट होगी। कंपनी ने सोमवार को नियामकीय फाइलिंग में बताया कि उसने 25 फरवरी, 2025 से इस इकाई में वाणिज्यिक उत्पादन भी शुरू कर दिया है। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के लिए भारत एक प्रमुख बाजार बना हुआ है और कंपनी की मध्यावधि प्रबंधन योजना के अनुसार, उसका लक्ष्य देश में 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। इसके अलावा भारत में 40 लाख यूनिट की वार्षिक उत्पादन क्षमता प्राप्त करने और इसे वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। मारुति सुजुकी स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) और एमपीवी सेगमेंट में अपनी उत्पाद क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। साथ ही कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठा रही है। ई-विटारा से शुरुआत करते हुए मारुति सुजुकी अपने बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) पोर्टफोलियो का विस्तार करेगी और वित्त वर्ष 2030 तक चार नए बीईवी मॉडल लॉन्च करने की योजना बना रही है। इस नई उत्पादन इकाई के साथ एमएसआईएल भारतीय ऑटोमोबाइल विनिर्माण और निर्यात क्षमताओं को और मजबूत करेगी। कंपनी का फोकस इलेक्ट्रिक वाहनों और एसयूवी सेगमेंट में अपनी पकड़ मजबूत करने पर रहेगा, जिससे भारतीय ऑटो बाजार में उसकी अग्रणी स्थिति बनी रहे।




## शीर्ष आठ शहरों में आवास की कीमतों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी: क्रेडाई

**कोलकाता।** सकारात्मक धारणा और मजबूत मांग की बदौलत चालू वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में देश के शीर्ष आठ शहरों में आवास की कीमतों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। रियल एस्टेट कंपनियों का संगठन क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी के अनुसार, वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में भारत के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय कीमतों में औसतन 10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। यह उछाल बाजार की सकारात्मक धारणा और मजबूत मांग के कारण हुआ है। दिलचस्प रूप से यह लगातार 16वीं तिमाही है जब आवासीय कीमतों में वृद्धि देखी गई है।

# रिलायंस करेगी असम में 50 हजार करोड़ का निवेश: अंबानी

एजेंसी


**गुवाहाटी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने असम में अगले पांच वर्षों में कंपनी का निवेश चौगुना करके 50 हजार करोड़ करने की मंगलवार को यहां घोषणा की। श्री अंबानी ने यहां 'एडवांटेज असम 2.0 समिट' में कहा कि रिलायंस पहले ही राज्य में 12 हजार करोड़ से अधिक का निवेश कर चुकी है जो उसकी 5 हजार करोड़ की प्रतिबद्धता से कहीं अधिक है। उन्होंने रिलायंस की प्राथमिकताएं गिनाते हुए बताया कि वे असम को एआई-रेडी बनाना चाहते हैं। असम में विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के बाद, अब रिलायंस यहां कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करेगी। उन्होंने असम में एआई-रेडी एज डेटा सेंटर बनाने की घोषणा करते हुये कहा कि रिलायंस रिटेल भी राज्य में अपने स्टोरों की संख्या 400 से बढ़ा कर 800 करने वाला है जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। असम को स्वच्छ और हरित ऊर्जा का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता भी उन्होंने जाहिर की और कहा कि परमाणु ऊर्जा के साथ असम की बंजर भूमि पर दो बायोगैस प्लांट भी लगाए जाएंगे।



## एयरटेल ने 5जी के विस्तार के लिए एरिक्सन से की साझेदारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी भारती एयरटेल और एरिक्सन ने अपने लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को एक नए स्तर पर पहुँचाते हुए एक नई साझेदारी की घोषणा की है जिसके तहत एरिक्सन के सुरक्षित और बेहतरीन प्रदर्शन वाले 5जी कोर नेटवर्क सोल्यूशन को लागू किया जाएगा, जिससे एयरटेल के लाखों ग्राहकों और व्यवसायों को पूरे भारत में लाभ मिलेगा। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह सहयोग एयरटेल को समय के साथ पूरी तरह से व्यावसायिक रूप से सक्रिय, बड़े पैमाने पर 5जी स्टैंडअलोन नेटवर्क में विकसित होने में मदद करेगा, ताकि ग्राहकों को 5जी की उन्नत क्षमताओं का लाभ मिल सके। भारती एयरटेल के सी टी ओ रणदीप सेखों ने कहा कि एरिक्सन के साथ एयरटेल की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी एक रोमांचक नए दौर में प्रवेश कर रही है, जो एयरटेल के 5जी स्टैंडअलोन में बदलाव के लिए एरिक्सन के 5जी कोर सोल्यूशन के साथ शुरू हो रहा है। यह रोलआउट एयरटेल की लंबे समय तक चलने वाली 5जी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, इससे नेटवर्क के साथ ही ग्राहकों को नई, विशिष्ट सेवाएँ देने की क्षमता भी बढ़ेगी। एरिक्सन के दक्षिण पूर्व एशिया, ओशनिया और भारत बाजार क्षेत्र के प्रमुख आंद्रेस विसेंते ने कहा वैश्विक रूप से एक अग्रणी 5जी सेवा प्रदाता के रूप में, एरिक्सन भारती एयरटेल को अपनी सबसे नए पटेक्नोलॉजी सोल्यूशन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारती एयरटेल के नेटवर्क को 5जी स्टैंडअलोन के लिए तैयार करने और भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एरिक्सन का डुअल मोड वाला 5जी कोर नेटवर्क स्लाइसिंग आधारित सेवाओं और नेटवर्क एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस के माध्यम से राजस्व बढ़ाने में मदद करता है।




प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय:- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# सुप्रीम कोर्ट ने तोड़फोड़ के मामलों में वाईएसआरसीपी नेताओं को दी अग्रिम जमानत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2021 में मंगलागिरी में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के केंद्रीय कार्यालय में कथित रूप से तोड़फोड़ करने से संबंधित मामले में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की विजयवाड़ा पूर्व इकाई के समन्वयक देवीनेनी अविनाश समेत कई नेताओं को मंगलवार को अग्रिम जमानत दे दी।

इससे पहले, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने इसी मामले में उनकी याचिका खारिज कर दी थी। श्री अविनाश पर अक्टूबर 2021 में वाईएसआरसीपी शासन के दौरान मंगलागिरी में सत्तारूढ़ तेदेपा के केंद्रीय कार्यालय एनटीआर भवन में कथित रूप से तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया था। वह पिछले साल सितंबर से अंतरिम संरक्षण में हैं। उन पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप हैं। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने 2021 में मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के उंडावल्ली आवास में कथित तोड़फोड़ के सिलसिले में पूर्व मंत्री एवं विधायक जोगी रमेश को भी अग्रिम जमानत दे दी। श्री अविनाश की तरह ही श्री रमेश भी अंतरिम संरक्षण में थे। उन पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप हैं। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को जांच में पूरा सहयोग करने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि किसी भी तरह का सहयोग न करने पर जमानत आदेश रद्द कर दिया जाएगा। इसके अलावा, याचिकाकर्ताओं को अपने पासपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया और जांच अधिकारी को सूचित किए बिना देश छोड़ने पर रोक लगा दी गयी। श्री अविनाश की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि कथित घटना तीन साल पहले हुई थी और इसमें 88 लोग शामिल थे, इसके बावजूद सत्तारूढ़ सरकार में बदलाव के बाद ही नयी जांच शुरू हुई। उन्होंने तर्क दिया कि प्राथमिकी में शिकायतकर्ता के चोटों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और सीसीटीवी फुटेज में उनके मुवक्किल की पहचान नहीं की गयी है। आंध्र प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने हालांकि याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और अपने मोबाइल फोन का विवरण देने में विफल रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि श्री अविनाश ने देश छोड़ने का प्रयास किया।

# आतिशी समेत आप के बारह विधायक दिनभर के लिए निलंबित



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण के दौरान हंगामे और नारेबाजी के कारण नेता विपक्ष आतिशी, गोपाल राय समेत बारह सदस्यों को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया गया।

उपराज्यपाल के अभिषाषण के शुरू होते ही आम आदमी पार्टी के विधायकों ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से भीमराव अंबेडकर की फोटो हटाने का विरोध करना शुरू किया। आप के विधायकों ने जय भीम और बाबा साहब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाने लगे।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुरू में करनैल सिंह, विशेष रवि, अनिल झा, सोमदत, संजीव झा को निलंबित किया। नारेबाजी नहीं रुकने पर उन्होंने सुरेंद्र सिंह, वीर सिंह धिंगान, मुकेश अहलावत, कुलदीप कुमार, जुबैर अहमद, आतिशी, गोपाल राय को दिनभर के लिए निलंबित कर दिया।

## संक्षिप्त सामाचार

### चीनः नाव दुर्घटना में दो लोगों की मौत, कई लापता

**चांग्शा।** मध्य चीन के हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में मंगलवार सुबह एक यात्री नाव और तेल संबंधी कार्यों से जुड़े एक पोत के बीच टक्कर होने से दो लोगों की मौत हो गयी तथा कई अन्य लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यह घटना युआनलिंग काउंटी के किंगलैंग नगर क्षेत्र में युआनशुई नदी में पूर्वाह्न करीब 10 बजे हुई। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक दुर्घटना के समय यात्री नाव पर 12 लोग सवार थे। बचावकर्मियों ने तीन लोगों को बचा लिया है। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि लापता लोगों की तलाश जारी है।

### तमिलनाडु एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार हैः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार केंद्र की त्रि-भाषा नीति के खिलाफ एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बात करते हुए श्री स्टालिन ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा के लिए पांच मार्च को एक सर्वदलीय बैठक होगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु, जो परिवार नियोजन को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है, परिसीमन में 39 संसदीय सीटों में से आठ खो देगा। श्री स्टालिन ने कहा, इसका मतलब है कि तमिलनाडु को आठ सीटों का नुकसान होगा, जिससे कुल निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या 31 रह जाएगी।

### तेजस्वी अपने माता-पिता के शासनकाल का दें हिसाबः हिमराज

**पटना।** बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रवक्ता हिमराज राम ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुये कहा कि बिहार के विकास पर सवाल उठाने से पहले उन्हें अपने माता-पिता के शासनकाल के दौरान राज्य की बदहाली का हिसाब देना चाहिए। पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ने मंगलवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान विकास के सभी पैमानों पर पिछड़े बिहार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास के शिखर पर पहुंचाया।उन्होंने कहा कि श्री तेजस्वी के माता-पिता के शासनकाल के दौरान बिहार शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, कृषि के क्षेत्र में पूरे देशभर में अंतिम पायदान पर था। लोग शाम होते ही घरों से बाहर निकलने में डरते थे, राज्य में कृषि की पैदावार नीचले स्तर पर थी।

### नवी मुंबई में पुलिस और किन्नरों के बीच झड़प, किन्नरों ने थाने में उतारे कपड़े

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एपीएमसी ट्रक टर्मिनल पर सोमवार देर रात पुलिस अधिकारियों के साथ झड़प के दौरान किन्नरों के एक समूह ने जमकर बवाल काटा और अपने कपड़े उतार कर फर्श पर लेट गये, जिससे अफरा-तफरी मच गयी। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पुलिस ने समूह के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, सार्वजनिक अभद्रता, सरकारी काम में बाधा डालने और सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि ट्रक टर्मिनल के पास किन्नरों के अश्लील गतिविधियों में लिप्त होने के संबंध में शिकायतें बढ़ रही थीं।

# सरकार लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति है सजगः सक्सेना

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान मेरी सरकार की दिशा तय करेगी, मेरी सरकार लोगों की बढ़ती उम्मीदों और आकांक्षाओं के प्रति पूरी तरह सचेत है। श्री सक्सेना ने दिल्ली विधानसभा में अपने अभिभाषण में आज कहा श्री मोदी का मंत्र 'सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास, सबका सम्मान मेरी सरकार की दिशा होगी। सरकार लोगों की बढ़ती जरूरतों और अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। सरकार भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, महिला सशक्तिकरण, गरीबों का कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, अच्छी शिक्षा का मॉडल, विश्व स्तरीय सड़कें, स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त दिल्ली, स्वच्छ यमुना, स्वच्छ जल और अनधिकृत कॉलोनियों का नियमितीकरण जैसे 10 क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार विकसित दिल्ली संकल्प पत्र को नीतिगत रूप से अंगीकार करेगी और आमजन से किए गए वादों को पूरा करने के साथ ही उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में लगातार झड़पें, आरोप-प्रत्यारोप ने दिल्ली को नुकसान पहुंचाया है। पिछले दस वर्षों में विचार विमर्श की जगह अमर्यादित आचरण सदन में देखा गया है। उन्होंने कहा कि राजस्व बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है।

# पालघर जिले में स्थानीय अपराध शाखा ने दो दुकानों में किये चोरी के मामले में दो शातिर बदमाशों किया गिरफतार

शकुन टाइम्स संवाददाता



**पालघर।** जिले में स्थानीय अपराध शाखा(लोकल क्राइम ब्रांच) पालघर द्वारा जिले के विभिन्न थानों में पंजीकृत दो वाहन और दो दुकानों में किये गये चोरी के अपराध में दो शातिर बदमाशों को मय मुद्दा माल के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के मनोर थाने में 11/12 फरवरी की रात मौजे टाकवहाल निवासी राजू गणपत पाडेकर द्वारा उनके घर के सामने खड़ी वैगनार कार नं.एम.एच-04/सीडी 9208 कीमत 80,000/-रुपये और तलासरी थाने में पाडवीपाडा के सूर्योदय आटो प्रा.लि. शो रुम के अंदर से शटर तोड़कर टाटा पंच (बिना पासिंग) की कार कीमत 3,00,000/-रुपये को अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी करने का मामले दर्ज कराये गये थे। अन्य दो दुकानों में की गयी चोरी के मामलों में पहले सातपाटी थाना क्षेत्र के मौजे पाम गांव ईलाके के वृंदावन सोसायटी के मुख्य रास्ते पर स्थित हितेश गजानन राऊत की जनरल स्टोर से 13 फरवरी की देर रात शटर तोड़कर लगभग 68,510/-रुपये कीमत की जनरल सामान तथा 15 फरवरी की देर रात बोईसर थाना क्षेत्र के यशवंत श्रृष्टि ईलाके में एटलस बिल्डिंग नं.06 में गाला नं.15,16 में स्थापित मेडिकल स्टोर का शटर तोड़कर काउंटर से 30,000/- नगदी चोरी को लेकर शिकायतकर्ताओ ने अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी किये जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। मामलों को सज्ञान में आते ही अपराधों की गंभीरता के मद्देनजर पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील,अपर पुलिस अधिक्षक विनायक नरले के दिशानिर्देश पर लोकल क्राइम ब्रांच पालघर प्रमुख प्रदीप पाटील के मार्गदर्शन में मातहतों की टीम ने तमाम सीसीटीवी फुटेज एवं गोपनीय सूचना पर बोईसर थाने के खैरापाडा से 17 फरवरी को गिरफ्तार गये आरोपी सुरेश असलाजी चौधरी (30) मूल निवासी पाली,राजस्थान से पूछताछ के आधार पर एक अन्य सहयोगी राजू उर्फ मोहन रेहान शेख (47) गोवंडी मुंबई को 20 फरवरी को पुणे से हिरासत मे लेकर चोरी के वारदातों की संलिप्तता को उजागर किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास के निशानदेही पर वैगनार,टाटा पंच कार तथा बाडी स्प्रे, हैंडवॉश,स्क्रु ड्राइवर अन्य औजार बरामद किया है। उक्त कारवाई लोकल क्राइम ब्रांच के उप निरीक्षक गणपत सुले,रोहित खोत,राजेश वाघ,सुनील नलावडे, पु.हवा.कैलाश पाटील,दिनेश गायकवाड़, विजय ठाकुर,संदीप सूर्यवंशी,पु.ना.नरेंद्र पाटील कल्याण केंगार,प्रशांत निकम,वैभव जामदार की टीम द्वारा सफलता पूर्वक की गई है। उक्त टीम द्वारा सभी अभियुक्तों को बोईसर थाने में सुपुर्द किया गया है। इस मामले आगे की जांच बोईसर पुलिस थाना के पु.हवा.कमलाकर पाटील द्वारा की जा रही है।

# अंबेडकर की फोटो को पुन:स्थान देने को लेकर विरोध-प्रदर्शन जारी रहेगा: आतिशी

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली सरकार के कार्यालयों में बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र को पुन: उसके समुचित स्थान पर लगाये जाने की मांग को लेकर उनकी पार्टी धरना-प्रदर्शन जारी रखेगी। सुश्री आतिशी ने इस मुद्दे पर विधानसभा परिसर में 'आप' विधायकों के प्रदर्शन के बीच मीडिया से बातचीत में कहा, हम मुख्यमंत्री कार्यालय में बाबा साहेब के फोटो को हटाए जाने के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक प्रदर्शन करते रहेंगे। यह प्रदर्शन तब तक चलेगा, जब तक कि बाबा साहेब की तस्वीर को उचित स्थान पर पुन: नहीं लगा दिया जाता है। उन्होंने कहा, आज नरेन्द्र मोदी जी (प्रधानमंत्री) बाबा साहेब से बड़े हो गए हैं। इस मुद्दे पर सुबह विधानसभा में उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के अभिभाषण के दौरान 'आप' के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता रिपीट विजेन्द्र गुप्ता ने लगभग 12 विधायकों को दिनभर के लिये निलंबित कर दिया। हंगामा कर रहे कई विपक्षी विधायकों को मार्शल से सदन के बाहर करा दिया गया था। इसके बाद, 'आप' के विधायक विधानसभा परिसर में नारेबाजी करते हुये धरने पर बैठ गये थे।

# यूक्रेन में शांति समाधान के लिए शर्तें बताये रूस: रुबियो

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका रूसी वार्ताकारों के साथ एक और बैठक करना चाहता है, ताकि वे यूक्रेन में संघर्ष को समाप्त करने के लिए रूस की शर्तों की रूपरेखा बता सकें। श्री रुबियो ने सोमवार को ब्रेइटबार्ट न्यूज वेबसाइट को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमें रूस से शुरुआत करते हुए उन दोनों को बातचीत की मेज पर लाना होगा, इसलिए हमने पिछले सप्ताह उनसे मुलाकात की और उस बैठक का मूल प्रश्न था कि वह इस संघर्ष को समाप्त करने में रुचि रखते हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि वे सही परिस्थितियों में ऐसा करेंगे। हमने उन शर्तों पर चर्चा नहीं की। इसलिए अगला कदम फिर से उनसे मिलना है, सही लोगों के समूह के साथ और यह रूपरेखा बनाना शुरू करना है कि रूस को युद्ध रोकने के लिए क्या करना होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेनी पक्ष के साथ शर्तों पर भी चर्चा करेगा। रक्षा मंत्री ने यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव की आलोचना करते हुए कहा कि यह 'विरोधी' है और संघर्ष को रोकने तथा बातचीत करने के लिए अमेरिका की ओर से किये गये प्रयासों के विपरीत है। गौरतलब है कि पिछले मंगलवार को रियाद में उच्च स्तरीय रूस-अमेरिका वार्ता आयोजित की गयी। रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के सहायक यूरी उशाकोव और आरडीआईएफ फंड के सीईओ किरिल दिमित्रिव ने किया।

# कमजोर वर्ग के बच्चों की छात्रवृत्ति में हुई है बड़ी कटौतीः खरग

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जब तक उन्हें पर्याप्त संरक्षण नहीं मिलेगा वे आगे नहीं बढ़ सकते हैं।श्री खरगे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है। ये शर्मनाक सरकारी आँकड़े बताते हैं कि सरकार ने लाभार्थियों के सभी वजीफों मे भारी कटौती तो की है साथ ही औसतम साल-दर-साल 25 प्रतिशत फंड भी कम ख़र्च किया है। उन्होंने कहा जब तक देश के कमज़ोर वर्ग के छात्रों को अवसर नहीं मिलेगा, उनके हुनर को प्रोत्साहन नहीं मिलेगा तब तक हम अपने देश के युवाओं के लिए नौकरियां कैसे बढ़ा पाएंगे। आपका सबका साथ, सबका विकास का नारा, रोज़ाना कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है।

# कैग ने दिल्ली आबकारी नीति से 2000 करोड़ रुपये का गिनाया नुकसान

एजेंसी

CAG
Comptroller and Auditor General

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जिसमें दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल की विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में विभिन्न अनियमितताओं को रेखांकित करते हुये कठोर टिप्पणियां की गयी हैं।

कैग की रिपोर्ट विधानसभा के सत्र के दूसरे दिन सदन के पटल पर रखी गयी, जिसमें कहा गया है कि दोषपूर्ण 2021-22 आबकारी नीति के कारण दिल्ली सरकार को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय नुकसान हुआ। 'परफार्मेंस आडिट ऑन रेगुलेशन एंड सप्लाई ऑफ लिकर इन दिल्ली' शीर्षक इस रिपोर्ट को सदन में विपक्ष की नेता आतिशी सहित आम आदमी पार्टी के 12 विधायकों के निलंबन के बाद पटल पर रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में विवादास्पद आबकारी नीति के बारे में सिफारिश के लिये गठित विशेषज्ञ समूह के सुझावों को तत्कालीन उप मुख्यमंत्री एवं आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया ने नजरअंदाज कर दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि शराब के लाइसेंस वापस किये जाने और शराब जोन की निविदा पुन- जारी करने के मामले में आबकारी विभाग की विफलता के कारण विभाग को 890.15 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। कैग की रिपोर्ट में कहा गया है कि कोविड-19 की पाबंदियों के नाम पर शराब की दुकान के लाइसेंस धारकों को दी गयी दी 144 करोड़ रुपये की छूट नियमानुसार नहीं थी। छूट के इस प्रस्ताव पर वित्त विभाग की आपत्तियों के बावजूद श्री सिसोदिया ने व्यक्तिगत रूप से इसकी मंजूरी दी थी। विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने पिछली आप सरकार के रवैये की आलोचना करते हुये कहा, यह जानकर आश्चर्य होता है कि 2017-18 के बाद विधानसभा में कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश ही नहीं की गयी। राज्य की वित्तीय स्थिति की जानकारी के लिये इसकी बहुत जरूरत होती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकार ने कैग की रिपोर्ट पेश नहीं की और इस तरह संविधान का उल्लंघन किया। इससे पहले उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सदन में अपने अभिभाषण में कहा कि उनकी सरकार ने मंत्रिमंडल की अपनी पहली बैठक में कैग की रिपोर्टों को सदन पटल पर रखने का फैसला किया था, इससे पिछली सरकार की प्रशासनिक कमियों का पता लगाने और उनका समाधान करने का रास्ता बना है। उप राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने, दिल्ली में महिलाओं के सशक्तिकरण, शहर की सफाई, यमुना की स्वच्छता और निवासियों को स्वच्छ पेयजल सुलभ कराने को प्रतिबद्ध है।

# पुलिस के साथ मुठभेड़ में पैरों में गोली लगने से दो बदमाश घायल

**तरनतारन।** पंजाब के तरनतारन में पुलिस ने तरनतारन जिले के गांव भूरा कोहना के निकट बंद पड़े ईंट भट्ठे पर मंगलवार की सुबह मुठभेड़ के दौरान फिरौती मांगने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुठभेड़ दौरान पुलिस की गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गये।पुलिस अधीक्षक (जांच) अजय राज सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों बदमशों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनकी पहचान प्रकाश सिंह गोल्डी और प्रभजीत सिंह के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से एक रिवाल्वर भी बरामद किया गया है। इन बदमाशों ने हाल ही में खेमकरण में एक दुकानदार और पेट्रोल पंप मालिक से फिरौती की मांग की थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस दल ने एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया, तो बदमाशों ने पुलिस दल पर गोलियां चला दीं। जवाबी फायरिंग में बदमाशों के पैरों में गोलियां लगीं।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत
YouTube shakuntimes



केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सांसद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए



आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007